50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13 °c अधिकतम 26 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:47, सूर्यास्त : 5:21 वर्ष : 50/ अंक : 320 सोमवार, 21 नवम्बर 2022 मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, सम्वत् 2079 मूल्य 3 रु. पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

बिखरने के लिए कई विकल्प हैं, मगर संवारने के लिए एक संकल्प ही काफी है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जिस प्रदेश में गुंडागर्दी चरम पर थी, दंगे होते थे अब वह प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है : योगी



गुण्डों में दंगाइयों में ये खौफ रहे कायम यूँ ही......

# बंदर और कुत्ते हुए शैतान, प्रशासन बना नादान

**▶ जैन मिलन विहार, कृष्णापुरी, गांधी कॉलोनी, नई मण्डी आदि विभिन्न स्थानों से लोग कर चुके हैं शिकायतें**

**मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)।** शहर का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा हो, जहां बंदरों की शैतानी और कुत्तों का आतंक ना फैला हो। दिन में बंदरों की शैतानी से लोग पूरी तरह तंग होकर तरह-तरह की शिकायतें तो करते ही हैं, साथ ही उनके काटने का भी भय बना रहता है। खासतौर से स्कूल से आने जाने वाले बच्चों, महिलाओं के लिए यह बड़ी दिक्कत की बात है कि सड़कों पर दिन में बंदर निडर होकर घूमने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर शाम ढलते ही कुत्तों का आतंक भी साफ दिखाई देता है। शाम को जैसे ही राहगीर अलग-अलग गलियों से गुजरते हैं, तो अंजान समझकर कुत्ते उन्हें झपटने लगते हैं।

हालांकि यह समस्या आज की नहीं है, लगातार यह समस्याएं चलती ही रहती है।





बन्दरों और कुत्तों के काटने के कई उदाहरण जैन मिलन विहार, गांधी कॉलोनी, कृष्णापुरी आदि में कई बार पाये जा चुके हैं, मगर प्रशासन के कानों पर इन सब बातों की कोई जूं नहीं रेंगती है। बड़ी बात यह है कि शिकायत करने के बाद पालिका के जो जवाब मिलते हैं, उन्हें सुनकर वास्तव में नादानी ही महसूस होती है। प्रेमपुरी के रहने वाले अंश मित्तल द्वारा जब नगरपालिका को इसकी शिकायत दी गई, तो नगरपालिका ने यह लिखकर इसका निस्तारण करा दिया कि उनके पास बंदरों को पकड़ने के पर्याप्त साधन नहीं है। इसी तरह जैन मिलन विहार में भी बंदरों का भरपूर आतंक है। यहां महिलाओं का फल आदि लेकर मंदिर जाना भी दुश्वार हो चुका है। ऐसे ही समस्या आम जनता करती रहती है। गांधी कॉलोनी में भी एक वृद्ध व्यक्ति को कुत्ते ने काट लिया था। आम आदमी लगातार प्रशासन से गुहार लगाता रहता है, मगर प्रशासन को इन सब बातों का कोई फर्क नहीं पड़ता है। अब देखना यह होगा कि आखिर कब तक प्रशासन की यह ढींगामुस्ती चलती रहती है।

## मदन भैया की टिप्पणी से बिफरी जाट महासभा

**▶ रालोद प्रत्याशी को समाज से माफी मांगने के लिए दो दिन का दिया समय ▶ माफी न मांगी तो महासभा की 11 सदस्यीय समिति लेगी फैसला ▶ सपा के पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने गठबंधन उम्मीदवार के बयान पर जताया खेद**

**मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)।** जाट महासभा की सभा में रालोद उम्मीदवार मदन भैया और भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की अमर्यादित टिप्पणी का मुद्दा गर्माया रहा। महासभा ने 11 सदस्यीय समिति गठित करते हुए गठबंधन उम्मीदवार मदन भैया को दो दिन में समाज से माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया है। सभा में पहुंचे पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने गठबंधन उम्मीदवार के बयान पर खेद जताया।

अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र बालियान के आह्वान पर एक सभा मेरठ रोड स्थित गुप्ता रिजॉर्ट्स में बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता चमन सिंह ने तथा संचालन अशोक प्रधान दूधाखेड़ी ने किया। सभा में सर्व समाज के लोगों ने 11 सदस्यों की कमेटी गठित की। कमेटी को माफी न मांगने पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार समाज द्वारा दिया गया। पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि हमारे समाज में दिवंगत आत्मा को पूजनीय मानते हैं। उन पर किसी भी तरह की अशोभनीय टिप्पणी करना एक पाप के समान है। प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा कुलदीप सिंह ने कहा कि पहले भी पूर्व विधायक खतौली विक्रम सैनी ने जाट समाज के एक दिवंगत राष्ट्रीय नेता के बारे में अशोभनीय टिप्पणी की थी, जिसकी सभी ने घोर निंदा की।

प्रदेश महासचिव अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा सत्येंद्र बालियान ने कहा कि राजनीतिक दलों को ऐसा करने से रोकना होगा। सभा में निंदा प्रस्ताव के बाद 11 सदस्यों की कमेटी का गठन हुआ, जिसमें मुख्य रुप से बिजेंदर प्रधान करवाड़ा, शौकीन चेयरमैन तावली, अनुज बालियान जिलाध्यक्ष युवा जाट महासभा, पदम सिंह तोमर, अतुल प्रधान, सलीम चौधरी, कल्लू प्रधान, मोनू प्रधान, सलीम चौधरी, कासिम त्यागी जिला पंचायत सदस्य शामिल हैं। कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस तरह के वक्तव्य कोई भी राजनीतिक पार्टी किसी भी व्यक्ति विशेष या किसी समाज के बारे में नहीं देगी।

अपने बयान के बारे में आहत व पीड़ित परिजनों से मदन भैया जो एक पार्टी का कैंडिडेट है, व्यक्तिगत रूप से और सार्वजनिक रूप से घर पर जाकर खेद व्यक्त करें तो ही समाज माफी पर विचार कर सकता है। कमेटी द्वारा इसके लिए प्रत्याशी मदन भैया को 2 दिन का समय दिया गया है।



जाट महासभा द्वारा बुलाई गयी बैठक में पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक व अन्य।

### मदन भैया ने बयान पर जताया खेद

मुजफ्फरनगर। खतौली उपचुनाव में रालोद प्रत्याशी मदन भैया ने राहुल कुटबी को लेकर दिए गए अपने बयान को लेकर रविवार को वीडियो जारी करते हुए खेद व्यक्त किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि उनको कुछ लोगों के द्वारा राहुल के बारे में गुमराह किया गया और एक साजिश के तहत उनसे यह टिप्पणी कराई गई है। उन्होंने कहा कि वह समाज को अपमानित करना नहीं चाहते हैं और इस टिप्पणी के लिए खेद व्यक्त करते हैं। उनकी राहुल कुटबी के परिवार और उनके अभिन्न मित्रों के साथ पूरी सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि विरोधियों की किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## जाट वोटों की जंग में कौन होगा दबंग

**▶ जयंत के गांव-गांव भ्रमण की काट में भाजपा ने बनाई रणनीति**
**▶ मदन भैया के बयान के रूप में भी भाजपा के हाथ लगा ब्रह्मास्त्र**
**▶ जयंत चाहें खतौली में भाजपा का सफाया, संजीव को चाहिए संजीवनी**



डॉ. संजीव बालियान | जयंत चौधरी रालोद सुप्रीमो

**ऋषिराज राही**

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा उपचुनाव के ताने बाने में किसानों के नाम के बहाने एक बार फिर रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान के बीच अस्तित्व की जंग छिड़ चुकी है। इस जंग में जयंत चौधरी के पास खोने को कुछ नहीं है, लेकिन जीत मिलने पर एक मानसिक बढ़त मिलेगी। हालांकि हारने पर भाजपा और डॉ.संजीव बालियान के लिए खोने को बहुत कुछ है। ऐसे में इस चुनाव के साथ उनकी प्रतिष्ठा जुड़ी है।

लोकसभा चुनावों के बाद खतौली विधानसभा उपचुनाव में किसानों के नाम पर सजातीय वोटों के लिए जयंत और संजीव बालियान दोनों को काफी हांग्गे लगाने पड़ रहे हैं। आज शुरू हुए दो दिन के चुनावी अभियान में जयंत चौधरी को इसीलिए गांव गांव घूमने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उनके दौरे के लिए खासतौर से जाट बहुल गांवों को चुना गया है। खतौली में इस वर्ग के वोटरों की तादाद करीब 18 हजार बताई जाती है। तादाद कम होने के बावजूद यह वर्ग चुनाव में माहौल बनाने का काम बेहतर ढंग से कर सकता है। उपचुनाव में जहां जयंत के सामने भाजपा से यह सीट छीनने का लक्ष्य है तो वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री के सामने खतौली सीट को बचाने की चुनौती है। चुनाव में रालोद को लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी परोक्ष रूप से भाकियू का समर्थन मिल रहा है। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत पहले ही भाजपा को वोट ना देने का ऐलान कर परोक्ष रूप से रालोद का समर्थन करने की घोषणा कर चुके हैं। ऐसे में संजीव बालियान ने क्षेत्रीय सांसद होने के नाते अपनी पूरी फौज इस चुनाव में उतारी है। इसकी का नतीजा रहा है कि भाकियू के दो बड़े चेहरे चुनाव शुरू होते ही भाजपा में शामिल हो गए।

जयंत चौधरी पर जाट लीडर का ठप्पा होने के बाद रालोद इस वर्ग के वोटों की जो उम्मीद लगा रहा था, उसे प्रत्याशी मदन भैया के बयान पर उठे बवाल के बाद झटका लगा है। संजीव बालियान को निशाना बनाने के चक्कर में एक तरह से जाट गरिमा को ललकार चुके रालोद प्रत्याशी ने हालांकि मामला बिगड़ता देख माफी का वीडियो जारी कर लीपापोती का प्रयास किया है, लेकिन टीम संजीव बालियान इस बयान को लेकर रालोद प्रत्याशी को घेरने का हर हथकंडा अपनाने की तैयारी कर रही है। यही वजह है कि मदन भैया के बयान को लेकर एक वर्ग काफी आक्रामक है।

मंत्री समर्थकों द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है कि मदन भैया जीते या हारें, चुनाव बाद जयंत और मदन भैया दोनों ही नजर नहीं आएंगे। ऐसे में भाजपा के सत्ता में रहते स्थानीय लोगों को केंद्रीय राज्यमंत्री का दरवाजा ही खटखटाना पड़ेगा। ऐसे में इस क्षेत्र में बड़ी तादाद में ऐसे स्थानीय नेता हैं जो पहले से ही डॉ.संजीव बालियान और भाजपा के प्रभाव में हैं। लोकसभा चुनावों में यह समर्थक स्व.चौधरी अजित सिंह के मैदान में होने के बावजूद भाजपा के खेमे में रहे थे। पिछले विधानसभा चुनावों में यही वोटर विक्रम सैनी के खेमे में गया था।

एक दूसरी बड़ी बात यह है कि एक समय खतौली विधानसभा का हिस्सा रहने के बावजूद भाकियू यहां राजनीतिक रूप से असफल पारी खेल चुकी है और खुद राकेश टिकैत यहां बुरी तरह पराजित हो चुके हैं। अब उनके प्रभाव वाला हिस्सा इस सीट से कट चुका है। इसके अलावा भाकियू के विभाजन के बाद वैसे भी इसके जनाधार में दो फाड हुए हैं। भाकियू बुढ़ाना विधानसभा चुनाव में उमेश मलिक को पराजित करने में भले कामयाब हो गई हो, लेकिन खतौली विधानसभा में उसका कोई बड़ा असर नहीं है। हालांकि रालोद सपा गठबंधन अपनी पूरी फौज इसके लिए उतार चुका है। रालोद का समर्पित वोटर तो उसके नल से बंधा हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि इस वर्ग में एक बड़ी हिस्सेदारी में अगर भाजपा सफल हो जाती है तो यह संजीव बालियान के लिए संजीवनी बन सकता है। ऐसे में खतौली में जाट वोटों की जंग काफी रोमांचक हो गई है।

## त्यागी समाज की नाराजगी दूर करने उतरे संजीव बालियान

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में ओमेक्स सोसायटी प्रकरण के किरदार श्रीकांत त्यागी को रालोद द्वारा भाजपा के खिलाफ मैदान में उतारने की तैयारी के बीच त्यागी समाज की नाराजगी दूर करने के लिए केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान नावला पहुंचे। उन्होंने त्यागी समाज के लोगों से बातचीत की। श्रीकांत त्यागी मामले को लेकर त्यागी बाहुल्य गांवों में पंचायतों का दौर शुरू हो गया है जिसमें शनिवार को नावला गांव में हुई पंचायत में भाजपा का विरोध किया गया तो जिसके बाद रविवार को त्यागी समाज के लोगों के बीच कुछ भाजपा नेताओं के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान पहुंचे। संजीव बालियान गांव नावला में 4 से 5 घंटे तक रहे और त्यागी समाज के साथ-साथ दलित समाज के लोगों के बीच जाकर भाजपा के लिए वोट मांगे। इस दौरान दलित समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री से शिकायत की कि सरकारी योजनाएं उनके पास नहीं पहुंच रही है उन्होंने कहा कि उनके गांव नावला में एक भी प्रधानमंत्री आवास नहीं बना। संजीव बालियान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि त्यागी समाज भाजपा का परंपरागत वोट है, जिसका आशीर्वाद भाजपा को हर चुनाव में मिलता है। वह आज सांसद है तो त्यागी समाज की बदौलत है इसलिए वह आज त्यागी समाज के बीच आए हैं। मदन भैया के चर्चित बयान पर उन्होंने कहा कि रालोद प्रत्याशी मदन भैया ने उनके स्वर्गीय भाई पर टिप्पणी की है जो गलत है। अगर टिप्पणी करनी है तो मदन भैया मुझ पर करें और खुलकर करें लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से दुख हुआ है कि उन्होंने मेरे स्वर्गीय भाई पर टिप्पणी की है। केंद्रीय मंत्री रविवार को गांव अम्बरपुर, खेड़ी तगान, नावला मे रहे। इस दौरान उनके साथ देवव्रत त्यागी, अनिल त्यागी, अरुण त्यागी, विपिन त्यागी, हरेंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, अजय, अवनीश चौधरी, जितेंद्र त्यागी चेयरमैन, राजू अहलावत, प्रमोद अट्टा आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली की आयुषी यादव की थी ट्रॉली बैग में मिली लाश

**मथुरा, 20 नवंबर (वार्ता)।** यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर कृषि अनुसंधान केंद्र के पास लाल रंग के ट्रॉली बैग में खून से लथपथ मिला शव दिल्ली के गांव मोड़बंद की आयुषी यादव पुत्री नीतेश यादव का था। 48 घंटे में पुलिस ने मृतका के परिवार को खोज निकाला। रविवार की देरशाम मां ब्रजबाला और भाई आयुष ने पोस्टमार्टम गृह पर पहुंचकर शव की पहचान की। पहचान के वक्त दोनों जोर-जोर से एक-दूसरे के गले लगकर रोने लगे। पुलिस प्रथम दृष्टया आन की खातिर हत्या का मामला मानकर चल रही है। अब पुलिस कड़ियां जोड़ने में लग गई है।

## निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार बनवाएं: योगी

**▶ हमने यूपी को दंगा मुक्त कर विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया है : योगी**

**सहारनपुर, 20 नवंबर (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। निकाय में भी ऐसे ही लोग आते हैं तो ट्रिपल इंजन काम करता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को दंगा मुक्त कराने और विकास की पटरी पर लाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है।

मुख्यमंत्री महाराज सिंह कालेज के खेल मैदान पर निकाय प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। योगी ने अपने संबोधन में कहा कि मां शाकम्भरी त्रिपुर बाला सुंदरी की धरा को नमन करता हूं। आप सबका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं। भाजपा को जिताकर भेजा, जहां पलायन होता था, दंगे होते थे। आज यहां निवेश के सबसे बड़े केंद्र के रूप में सामने आया है। योगी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान आप सबने चुनाव के दौरान तमाम अफवाहों को दरकिनार कर पीएम मोदी के सुरक्षा और विकास के विजन को तवज्जो दी। भाजपा की सरकार बनवाई। नगर विकास की परियोजनाओं को देते हुये बताना चाहता हूं कि सहारनपुर प्रदेश के सबसे कोने का जनपद है। यहां का व्यक्ति अपनी मेहनत से मिट्टी को सोने में बदलता है। यहां का हस्तशिल्पी अपनी कला से वैश्विक मंच पर जगह बना रहा है। यहां सम्भावनाएं अपार हैं।

आज तो कुछ योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण किया। विश्वश्विद्यालय बन रहा है। सहारनपुर के नौजवानों के पास अपना विश्वविद्यालय होगा। सरसावा में एयरपोर्ट बन रहा है।

मुजफ्फरनगर-सहारनपुर मार्ग पर 753 करोड़ खर्च किये। 612 करोड़ की लागत से सहारनपुर शामली मार्ग बन रहा है। इसी तरह देहरादून मार्ग 1200 करोड़ से बन रहा है। यह सहारनपुर के विकास में नई कहानी लिखेगा। कई अन्य सड़कें, ब्रिज बन रहे हैं। देवबंद में एटीएस सेंटर बन रहा। हज सुरक्षा हमारे लिए प्राथमिकता रही है। पूर्व की सरकारों ने प्रदेश के नौजवानों, किसानों के साथ, उद्यमियों के साथ खिलवाड़ करने का काम किया। हमने 5 लाख को सरकारी नौकरी दी। सहारनपुर में निवेश से एक लाख को काम मिला। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। निकाय में भी ऐसे ही लोग आते हैं तो ट्रिपल इंजन काम करता है। स्ट्रीट वेंडर को सुविधा दी गई है। 9 लाख स्ट्रीट वेंडर को योजना का लाभ दिया गया है। 45 लाख गरीबों को आवास की सुविधा दी गई। अकेले सहारनपुर में 25944 को आवास सुविधा दी गई है। ओडीओपी में 2225 कारीगरों को प्रशिक्षण। यह एक नया यूपी है। निवेश की संभावनाएं टटोलें। सिंगल विंडो प्लेटफार्म बनाया है। एमएसएमई में किसी प्रकार की कोई एनओसी नहीं चाहिए। 10 से 12 फरवरी के बीच निवेश करें। यूपी सबसे सुरक्षित प्रदेश है। जो कार्य 5 साल में केंद्र, प्रदेश सरकार ने किया है। बहुत कुछ किया जाना बाकी है। केंद्र राज्य सरकार में जिसकी सरकार हो उसके साथ ही मिलकर होगा। अपने नगर को विकास के पथ पर ले जाएं। सीएम योगी कार्यक्रम पर पहुंचे। इस दौरान 9 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी दी गई। इस मौके पर भाजपा के यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सीएम ने प्रदेश की छवि बदलने का काम किया है। सहारनपुर को सीएम योगी ने नई पहचान दी। आगामी निकाय चुनाव में भाजपा को जिताएं।



## भविष्य की दिशा तय करेगा खतौली चुनाव : जयंत

**▶ बोले : अभी तक सरकार ने गन्ने का दाम तक घोषित नहीं किया**
**▶ आरोप : सरकार को भाजपा के नेता नहीं अधिकारी चला रहे हैं**



खतौली में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे जयंत चौधरी एक नुक्कड़ सभा में

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)।** रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी ने कहा कि खतौली चुनाव से सरकार बनने बिगड़ने वाली नहीं है, लेकिन यह चुनाव भविष्य की राजनीति की दशा तय करेगा। किसानों के दबाव में ही सरकार को कृषि कानून वापस लेने पड़े और पीएम को माफी मांगनी पड़ी। चीनी मिल चल चुके हैं और अभी तक गन्ने का दाम तक सरकार ने घोषित नहीं किया है। इससे साफ है कि इस सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है।

जयंत ने आज खतौली क्षेत्र में गठबंधन प्रत्याशी के लिए क्षेत्र के 11 गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। इस दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के पास चुनाव में केवल सांप्रदायिक दंगे का ही मुद्दा है। असली मुद्दों पर वह जनता को गुमराह कर रही है। हम केवल किसान मजदूर के मुद्दे पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि यह चुनाव सरकार बनाने या गिराने का नहीं है, बल्कि एक संदेश देने का चुनाव है। अगर आपने सरकार को अपनी नाराजगी का एहसास करा दिया तो हो सकता है सरकार आप का सम्मान शुरू कर दे, क्योंकि लगभग 2 माह बीत जाने के बाद भी सरकार ने गन्ने का मूल्य घोषित नहीं किया और लगता है कि इस बार भी सरकार गन्ने का भाव नहीं बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार को नेता नहीं चला रहे हैं बल्कि कुछ अधिकारी है जो सरकार को चला रहे हैं। यहां भाजपा के जनप्रतिनिधियों तक की बात नहीं सुनी जा रही है। अखलाकपुरा से अपना दौरा शुरू करते हुए जानसठ एवं सिखेड़ा क्षेत्र के 11 गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभा में जयंत चौधरी ने कहा कि ताकत जनता के हाथ में है। यह आपको दोबारा मौका मिला है। यह फैसला आपको करना है। चयन ऐसा करो, जिससे आपकी ताकत बने। जयंत चौधरी ने रविवार को अखलाकपुर, वाजिदपुर कवाली, पिमोड़ा, राटौर, जंधेडी, चितौड़ा, मुबारिकपुर, नंगला मुबारिक , नंगला कबीर, मंदौड़, बेहड़ा अस्सा, सिखेड़ा में नुक्कड सभाएं कीं। इस दौरान प्रत्याशी मदन भैया, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, विधायक चंदन चौहान, पूर्व सांसद राजपाल सैनी समेत पार्टी के तमाम नेता उपस्थित रहे।

## योगी समेत खतौली में प्रदेश के दिग्गज भाजपाई करेंगे सभाएं

मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)। जयंत के ताबड़तोड़ दौरों के बीच भाजपा भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम दिग्गजों की जनसभाओं के जरिए खतौली के चुनाव को गर्माने की तैयारी कर रही है। भाजपा की ओर से स्थानीय नेताओं के साथ स्टार प्रचारक केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान और प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को खासतौर से खतौली का जिम्मा सौंपा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार चुनाव प्रचार के बीच 26 नवंबर को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, 28 नवंबर को प्रदेश के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, 29 और 30 नवंबर को उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और वही 2 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खतौली में जनसभाएं करेंगे। इस बीच आज उपचुनाव हेतु भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के समर्थन में कैम्प कार्यालय पर शक्ति केंद्र प्रभारी एवं प्रवासियों की बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने आगामी चुनाव की रूप रेखा तैयार की। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता , प्रदेश प्रवक्ता महामेधा नागर जिला प्रभारी सतेंद्र सिसौदिया, क्षेत्रीय महामंत्री (पश्चिम) हरिओम शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।


मुजफ्फरनगर की महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर

नगर के प्रसिद्ध हॉस्पिटल वर्धमान हॉस्पिटल (डॉ. मुकेश जैन) में

फ्री चिकित्सा परामर्श देने दिल्ली से आयेंगे डॉ. नवनीत मग्गो

दिनांक : 23/नवम्बर/2022, दिन बुधवार

महिलाएं अक्सर इन परेशानियों को छुपाती हैं

☞ छींकते और खांसते हुए पेशाब छूट जाना।
☞ हंसते व व्यायाम करते समय कपड़ों में पेशाब छूट जाना।
☞ सम्बंध बनाते समय आपका पेशाब छूट जाना।

इन सभी बिमारियों को यूरिनरी इनकोन्टीनेंस (Stress Urinary Incontinence) कहते हैं और इसका ईलाज सम्भव है।



डॉ. नवनीत मग्गो

और अब इसके ईलाज के लिए महिलाओं को दिल्ली,मुम्बई जैसे शहर जाने की आवश्यकता नहीं है। अपने ही शहर वर्धमान हॉस्पिटल में देश के जाने माने डॉ. नवनीत मग्गो (रिकंस्ट्रक्टिव एवं गाइनेकोलॉजी विभाग 'एम्स ऋषिकेश डिवीजन' पूर्व अध्यक्ष AFMC, आर्मी हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देने वाले) वर्धमान हॉस्पिटल में ही महिलाओं को उपचार देंगे।

फ्री रजिस्ट्रेशन व फ्री चिकित्सा परामर्श के लिए

सम्पर्क करें
8811009900
समय : सुबह 10 से 3 बजे तक



वर्धमान हॉस्पिटल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

## इस सप्ताह का राशिफल

**21 नवम्बर से 27 नवम्बर 2022**

हस्तरेखा-अंक ज्योतिष विशेषज्ञ, वास्तुशास्त्र व रत्न परामर्शदाता
**विमल जैन**
एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (आकांक्षा हास्पिटल के निकट), भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ० प्र०)
मो० नं० : 09335414722





| | |
|---|---|
| चू, चे, चो, ला ली, लू, ले, लो, आ | नक्षत्र अश्वनी भरणी कृतिका<br>चरण 1234 1234 1 |

**मेष**– सप्ताह में 21 से 23 नवम्बर के दिन 4/04 बजे तक समय प्रगति में सहयोग रहेगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजकीय पक्ष से लाभान्वित होंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहेगी। तदुपरान्त 25 की सायं 5/21 बजे तक परेशानी रहेगी। आर्थिक पक्ष से असंतोष रहेगा। द्रव्य की क्षति होगी। राजनीतिक पक्ष से कष्टद्द होगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। वैचारिक अस्थिरता रहेगी। शेष 27 नवम्बर तक समय अनुकूल रहेगा। कार्यों में सफलता का सुअवसर मिलेगा। कुछेक समस्याएँ सुलझने को होगी। नवीन योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहेंगे।



| | |
|---|---|
| ई, उ, ए ओ, वा, वी वू, वे, वो | नक्षत्र कृतिका रोहणी मृगशिरा<br>चरण 234 1234 122 |

**वृषभ**- सप्ताह में 21 से 25 की सायं 5/21 बजे तक विचाराधीन योजना को मूर्त रूप से परिणित कर सकेंगे। मित्रों स्वजनों से विचार-विनिमय होगा। परिवार में आपसी सदद्भाव बना रहेगा। विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। आय के नवीन स्रोत सामने आयेंगे। विशिष्ठजनों से सम्पर्क उपयोगी होगी। व्यावसायिक अड़चनें समाप्त होगी। निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ होंगे। तत्पश्चात्द्द 27 की सायं 6/05 बजे तक प्रतिकूलता रहेगी। घरेलू समस्याओं से तनाव रहेगा। प्रियजनों से तकरार होगा। स्वयं की प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित रह जायेंगे। दाम्पत्य जीवन में अशांति रहेगी। एकाग्रता का अभाव रहेगा।



| | |
|---|---|
| का, की, कू घ, ड, छ के, को, हा | नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुनर्वसु<br>चरण 34 1234 123 |

**मिथुन**- सप्ताह में 21 नवम्बर के दिन 12/30 बजे तक अभिलाषा की पूर्ति नहीं हो पायेगी। दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। दूसरों के कटुवचन से तकलीफ होगी। कार्य व्यवसाय में निराशा हाथ लगेगी। पारिवारिक मतभेद उजागर होंगे। तदनन्तर 27 की सायं 6/05 बजे तक वाकद्दपटुता से कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति होगी। विवाद का निर्णय पक्ष में होगा। व्यापार में धन निवेश होगा। कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक होगा। धर्म की ओर रुझान रहेगा। मनोविनोद के सुअवसर सुलभ होंगे। समस्या विशेष के समाधान में स्वयं का निर्णय हितकर होगा। मान-सम्मान परक कृत्य सम्पन्न होगा। संतान पक्ष से चिंता कुछ कम होगी। आकस्मिक लाभ का सिलसिला बनेगा।



| | |
|---|---|
| ही, हू, हे हो, डा, डी डू, डे, डो | नक्षत्र पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा<br>चरण 4 1234 1234 |

**कर्क**– सप्ताह में 21 नवम्बर के दिन 12/30 बजे तक शुभ आशाएँ फलीभूत होगी। सत्कार्यों में व्यय होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। सुसमाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि रहेगी। तदुपरान्त 23 के दिन 4/04 बजे तक विविध पक्षों में व्यतिक्रम रहेगा। साझेदारी के व्यापार में हानि की आशंका रहेगी। किसी पर अधिक भरोसा करना अहितकर होगा। अधिकारियों से निराशा रहेगी। घरेलू वातावरण कष्टद्दकर होगा। शेष 27 नवम्बर तक साहसिक प्रयास प्रगति पर होगा। नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत होगी। आर्थिक उलझनों में कमी आयेगी। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति होगी।



| | |
|---|---|
| मा, मी, मू मे, मो, टा टी, टू,ट | नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा.<br>चरण 1234 1234 1 |

**सिंह**- सप्ताह में 21 से 23 नवम्बर के दिन 4/04 बजे तक आत्मसंयम से कार्य सिद्धि होगी। व्यावसायिक विस्तार की दिशा में प्रयत्नशील रहेंगे। धन सम्पत्ति विषयक मसला हल होगा। धर्म की ओर रुचि रहेगी। आकस्मिक लाभ होगा। जीवन साथी में सामंजस्य रहेगा। दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत मिलेगा। तदनन्तर 25 की सायं 5/21 बजे तक ग्रहयोग विपरीत रहेगा। योजना अधूरी रह जायेगी। विचारों में उग्रता रहेगी। मानसिक बैचेनी महसूस करेंगे। आत्मीयजनों में वैमनस्यता रहेगी। परिवार में किसी बात से परेशान रहेंगे। शेष 27 नवम्बर तक परिस्थितियों में सुधार होगा। भाग्योन्नति के नवीन आयाम बनेंगे। जनसम्पर्क का सुयोग बनेगा। सहयोगियों की गतिविधियाँ अनुकूल रहेगी।



| | |
|---|---|
| टो, पा, पी पू, प, ण ठ, पे, पो | नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा<br>चरण 234 1234 12 |

**कन्या**- सप्ताह में 21 से 25 की सायं 5/21 बजे तक विवादास्पद मसला सुलझेगा। अधूरी योजना का शुभारम्भ होगा। मनोबल में वृद्धि होगी। शत्रु हानि पहुँचाने में असफल रहेंगे। सदद्विचारों के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति होगी। जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय करने की स्थिति बनेगी। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होगी। आपसी सलाह से कामयाबी मिलेगी। तदनन्तर 27 की सायं 6/05 बजे तक कार्य-व्यापार में निराशा का सामना करना पड़ेगा। व्यापार में जरा-सी लापरवाही हानिकारक होगी। आपसी मतभेद उजागर होंगे। अकल्पित घटनाओं से चिन्तित रहेंगे। वैचारिक स्थिरता का अभाव रहेगा। शेष समय शुभ रहेगा। लाभ का सुयोग बनेगा।



| | |
|---|---|
| रा, री, रू रे, रो, ता ती, तू, त | नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा<br>चरण 34 1234 123 |

**तुला**- सप्ताह में 21 नवम्बर के दिन 12/30 बजे तक समय प्रतिकूल रहेगा। परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता ही हाथ लगेगी। धनागम में व्यवधान रहेगा। व्यर्थ का भाग दौड़ होगा। लाभ में कमी महसूस होगी। मानसिक तनाव रहेगा। व्यय की अधिकता रहेगी। तदुपरान्त 27 की सायं 6/05 बजे तक आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में सफलता मिलेगी। नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल होंगे। मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित होगी। स्वास्थ्य में अनुकूल सुधार होगा। आय के नवीन स्रोत उपस्थित होंगे। अपने स्तर को बनाए रखने के लिए व्यय करना पड़ेगा। अधिकारियों से लाभ मिलेगा। सामाजिक-राजनीतिक प्रतिष्ठद्दा बढ़ेगी। परिवार में उपस्थित गलतफहमियाँ दूर होने को होगी।



| | |
|---|---|
| तो, ना, नी नू, ने, नो या, यी, यू | नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा<br>चरण 4 1234 1234 |

**वृश्चिक**– सप्ताह में 21 नवम्बर के दिन 12/30 बजे तक शुभ अभिलाषा पूर्ण होगी। धनागम होगा। वरिष्ठजनों की सलाह लाभप्रद रहेगी। नवीन योजना की शुरूआत होगी। तदनन्तर 23 के दिन 4/04 बजे तक कार्यों में अवरोध रहेगा। घरेलू उलझनों मे मन व्यथित रहेगा। आत्मीय जनों से कष्टद्द होगा। प्रियजनों से मतभेद होगा। अधीनस्थ सहयोगियों से तनाव रहेगा। कठिनाइयों के दौर में समय व्यतीत होगा। शेष 27 नवम्बर तक समय श्रेष्ठद्द रहेगा। व्यापारिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। शुभ भावनाओं का उदय होगा। सामयिक कार्य सुगमता से बन जायेंगे। निजी इच्छा की पूर्ति होगी। राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त होगा।



| | |
|---|---|
| ये, यो, भा भी, भू, धा फा, ढ़ा, ढ़े | नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा.<br>चरण 1234 1234 1 |

**धनु**- सप्ताह में 21 से 23 नवम्बर के दिन 4/04 बजे तक लाभ का सुयोग बना रहेगा। बुद्धि चातुर्य से कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने को होगा। शुभ भावनाओं का उदय होगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठद्दा में वृद्धि होगी। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। तत्पश्चात्द्द 25 की सायं 5/21 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी रहेगी। धनोपार्जन में बाधा आयेगी। परिवार में कटुता की स्थिति रहेगी। सुख-शांति में कमी आयेगी। व्यर्थ का भागदौड़ होगा। व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन से परेशानी होगी। शेष 27 नवम्बर तक समय शुभ रहेगा। योजनानुसार कार्य बनते जायेंगे। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। पारिवारिक सौहार्द रहेगा।



| | |
|---|---|
| भो, जा, जी खी, खू, खे खो, गा, गी | नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा<br>चरण 234 1234 12 |

**मकर**- सप्ताह में 21 से 25 की सायं 5/21 बजे तक निराशा का समापन होगा। मित्रों के माध्यम से कुछेक कार्य प्रगति पर होंगे। वाद-विवाद का हल पक्ष में होगा। नवयोजना द्दष्टिगत होगी। व्यक्तिगत परेशानी कम होगी। किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति होगी। विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त होगा। जीवन साथी का सहयोग प्राप्त होगा। आहार-विहार में नवीनता रहेगी। संभावित यात्रा सुखद होगी। तदुपरान्त 27 की सायं 6/05 बजे तक मनोरथ अधूरे रहेंगे। अभीष्टद्द कार्यों में व्यतिक्रम रहेगा। आरोग्य सुख में कमी आयेगी। धन सम्पत्ति के पक्ष में जोखिम से हानि की आशंका रहेगी। व्यक्ति विशेष पर विश्वासघात भी संभव होगा। शेष समय बेहतर रहगा। व्यक्तित्व का विकास होगा।



| | |
|---|---|
| गू, गे, गो, सा, सी, सू से, सो, दा | नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्रा<br>चरण 34 1234 123 |

**कुंभ**- सप्ताह में 21 नवम्बर के दिन 12/30 बजे तक उलझनें रहेंगी। मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित रहेंगे। वाहन से भय रहेगा। अभिलाषा की पूर्ति में व्यधान रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रति चिन्तित रहेंगे। घरेलू दिक्कतें सामने आयेंगी। मानसिक तनाव रहेगा। तत्पश्चात्द्द 27 की सायं 6/05 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में रहेगा। महत्त्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। कुछेक समस्याएँ पक्ष में हल होने को होगी। सुसमाचार की प्राप्ति से परिवार में हर्षोल्लासमय वातावरण रहेगा। रचनात्मक क्रिया-कलापों में अभिरुचि रहेगी। वरिष्ठद्दजनों की सलाह समय पर काम आयेगी। संतान पक्ष से चिन्ता कुछ कम होगी। विरोधी प्रभावी रहेंगे।



| | |
|---|---|
| दी, दू, थ, -ा, भ, दे, दो, चा, ची | नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती<br>चरण 4 1234 1234 |

**मीन**- सप्ताह में 21 नवम्बर के दिन 12/30 बजे तक शुभ कार्यों में अनुकूलता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे। हर्ष भी होगा। तत्पश्चात्द्द 23 के दिन 4/04 बजे तक कार्य सिद्धि में बाधा उपस्थित होगा। समस्याओं से मानसिक अशांति रहेगी। योजना अधूरी रहेगी। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। भौतिक सुख में न्यूनता रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ में समय नष्ट होगा। व्यय की अधिकता रहेगी। अभीष्ट कार्यों में व्यतिक्रम रहेगा। आरोग्य सुख में कमी आयेगी। मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। शेष 27 नवम्बर तक समय संतोषजनक रहेगा। अधूरे कार्य पूर्णता की ओर होंगे। नवसम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त होगा। धर्म के प्रति आस्था जागृत होगी। विवादास्पद मसला हल होगा।

**व्रत-त्यौहार, जयंती :-** -सोमवार, 21 नवम्बर- प्रदोष व्रत -मंगलवार 22 नवम्बर- मास शिवरात्रि व्रत -बुधवार, 23 नवम्बर- स्नान-दान-श्राद्धादि की अमावस्या, कमला जयन्ती -रविवार, 27 नवम्बर- वैनायकी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत।

# किशोर न्याय पर श्रीराम कॉलेज में सेमिनार आयोजित

## ▶▶बार संघ के अध्यक्ष और महासचिव ने विद्यार्थियों को किशोर न्याय के पहलुओं से कराया अवगत

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)।** श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय था ''भारत में किशोर न्याय एवं बाल कानून''। सेमिनार की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र मलिक महासचिव जिला बार संघ द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता वसी अन्सारी अध्यक्ष जिला बार संघ रहे, जबकि पंकज सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह प्राचार्य आईएमएस ऑफ लॉ, नोएडा रहे।

**'भारत में किशोर न्याय एवं बाल कानून' विषय पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को किया सुधार को प्रेरित**

सर्वप्रथम महाविद्यालय की परम्परानुसार कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ. पूनम शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया और अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य आई एम एस ऑफ लॉ, नोएडा ने सेमिनार के विषय के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि समाज में ऐसा सुधार किया जाये। हम सभी को अपने व्यवहार में आचार में सुधार करना होगा, जिससे समाज में संदेश जाये और इसके सहारे बालकों को अपराध करने से विरत किया जा सके, हमारा प्रयास यही होना चाहिए कि इस सुधार के लिए किसी कानून की आवश्यकता ही ना पड़े।

इसके उपरान्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पी.पी.टी के माध्यम से अपने विचारों को प्रकट किया। मुख्य अतिथि वसी अन्सारी एडवोकेट अध्यक्ष जिला बार संघ ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने दायित्वों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को विधि के दायरे में रहकर काम करना चाहिए और अपने समाज, परिवार, सहपाठियों व देश के लिए सोचना चाहिए। इन सब से ही हमारा भविष्य उज्जवल होगा।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेन्द्र मलिक, महासचिव जिला बार संघ ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए और विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किशोर न्याय के दो पहलू हैं- पहला .. पारिवारिक और दूसरा ... सामाजिक। उन्होंने कहा कि हमें किशोर न्याय के लिए सामाजिक स्तर पर एक अच्छा वातावरण तैयार करना चाहिए। इसके उपरान्त श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि हमें अपने परिवार में बच्चों को उचित स्थान देना चाहिए तथा बच्चों को अपने माता-पिता अपनी प्रत्येक समस्याओं से अवगत कराना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता राम मनु प्रताप सिंह ने किया। श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ. पूनम शर्मा ने समस्त अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्रवक्ताओं संजीव तोमर, सोनिया गौड, सबिया खान, राखी, रेखा, अनु चौधरी एवं विनय तिवारी व त्रिलोक चन्द का सहयोग रहा।




श्रीराम कॉलेज में हुए सेमिनार में बार संघ अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आयोजक, प्रेरणा मित्तल व अन्य अतिथि।

## कार की टक्कर से महिला-4 बच्चे घायल

**कैराना, 20 नवंबर (बु.)।** रविवार शाम ईदगाह पर तेज गति से आ रही कार ने सड़क पर पैदल चल रही मौहल्ला खेल कला निवासी 45 वर्षीय वसीमा और 4 वर्षीय बच्ची जोया, 8 वर्षीय बालक आद और दो अन्य बालकों को टक्कर मार दी, जिससे महिला और बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। परिजन घायलों को अस्पताल में ले गये। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया।

## कैराना में 2 मतदान केंद्र एचएस-प्लस

**कैराना, 20 नवंबर (बु.)।** निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने दो मतदान केंद्रों के 15 बूथों को अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में रखा है। निकाय चुनाव के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारियां तेजी के साथ चल रही है।

निगरीय निकाया चुनाव के लिए साल 2017 के चुनाव में कैराना में जहां 76 पोलिंग बूथ थे। लेकिन नगरपालिका सीमा विस्तार के बाद कैराना में 25 वार्ड से बढ़कर 28 वार्ड हो गये हैं। वहीं पहले कैराना नगरपालिका में कुल 76 बूथ थे, लेकिन इस बार 24 मतदान केंद्रों पर 87 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें से 9 मतदान केंद्रों के 36 बूथो को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। 13 मतदान केंद्रों के 36 बूथों को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा इस्लामिया इंटर कॉलेज और जैन धर्मशाला दो मतदान केंद्रों के 15 बूथों को अतिसंवेदनशील प्लस की श्रेणी में रखा गया है।

## बच्चों को भरतनाट्यम के गुर सिखाएंगी सयानी चक्रबर्ती

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)।** सरकारी व मान्यता प्राप्त उ.प्र, बोर्ड के स्कूलों के विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक विरासत को पहुँचाने हेतु स्पिक मैके संस्था अपनी नई कार्य योजना के तहत लगातार 6 दिनों में 12 कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। 21 नवंबर से 26 नवंबर तक चलने वाले कार्यक्रम में विद्यर्थियों को भरतनाट्यम के कलाकार सयानी चक्रबर्ती का सानिध्य प्राप्त होगा।

स्पिक मैके ने उप्र बोर्ड के स्कूलों के विद्यार्थियों हेतु वर्कशॉप डेमोन्सट्रेशन की एक नई श्रृंखला विकसित की है, जिसके तहत कलाकार बच्चों को सिखाने के साथ साथ स्वयं भी कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक चलने वाली इस श्रंखला में भरतनाट्यम कलाकार सयानी चक्रबर्ती प्रत्येक स्कूल में 45 मिनट बच्चों को भरतनाट्यम की बुनियादी क्रियाओं सिखाएंगी तथा शेष 45 मिनट में स्वयं प्रस्तुति देंगी। जैन कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी में 21 नवम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार द्वारा किया जायेगा। अपरान्ह का सत्र ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज नई मंडी में सम्पन्न होगा। इसी प्रकार वैदिक पुत्री कन्या विद्यालय, भागवंती कन्या विद्यालय में 22 नवम्बर, राजकीय इंटर कॉलेज व डीएवी इंटर कॉलेज में 23 नवम्बर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज व नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज में 24 नवम्बर, एसडी कन्या इंटर कॉलेज झाँसी की रानी व नवाज अजमत अली कन्या इंटर कॉलेज में 25 नवम्बर को तथा एसडी कन्या इंटर कॉलेज गाँधी कॉलोनी व एसडी इंटर कॉलेज रोडवेज में 26 नवम्बर को श्रृंखला का समापन होगा। यह सभी कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षण गजेंद्र कुमार की प्रेरणा तथा प्रधानाचार्या डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला के संयोजन से सम्पन्न हो रहे हैं।

**स्पिक मैके 6 दिन में करा रहा 12 कार्यक्रम**



सयानी चक्रबर्ती

# अनुसूचित जाति-जनजाति मेधावी सम्मान समारोह संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)।** सातवें अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन पंजाबी बारात घर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी इंटर कॉलेज प्रवक्ता आलोक कुमार व संचालन हरकेश सिंह तथा विक्रम दत्त ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर सतीश कुमार, जिला परियोजना अधिकारी मुजफ्फरनगर सतीश गौतम और जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार रहे। अतिथियों ने सम्मान समारोह कार्यक्रम में कुल 482 बच्चों को सम्मानित किया।

भोपा रोड स्थित पंजाबी बरात घर में रविवार को आयोजित सातवें अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड 10वीं के 314, यूपी बोर्ड 12वीं के 138, सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं के 30 एवं अन्य प्रतिभाओं के रूप में छह मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिकांश वक्ताओं ने अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही देश की युवा पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर प्रगति करने, सदैव बुराइयों से दूर रहने पर जोर दिया गया। सम्मान समारोह में प्रत्येक कक्षा की वरीयता सूची में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः 5000, 3000 एवं 2000 रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र दिए गए। वहीं प्रत्येक कक्षा की परीक्षा सूची में अगले 10 प्रतिभागियों को एक हजार रुपये का नकद इनाम दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार जानसठ विजेंद्र सिंह, उप कुलसचिव आईआईटी रुड़की संजीव जैन, डॉ. सतीश प्रकाश, डॉ. राजेंद्र सिंह, अजय कुमार, सुदर्शन लाल, संदीप कुमार, सीमा चौहान, ललित वेद, वाईआर वर्मा, सोहनपाल, इंद्रपाल, प्रीतम सिंह द्वारा भी अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रम दास, राजेश कुमार, नाथीराम, धर्मदास, रविंद्र मौर्य, सुभाष चंद्र, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सुंदरलाल, अनिल सिंह, अनिल कुमार, अजय पाल, सुभाष चंद, राजकुमार, गीता, बबीता, निरंजन ज्योति, अनीता कपूर, अनिल, बालेंद्र, अतर सिंह, विनोद सिंह, डॉ. अमन कुमार, मंगल सिंह, वेद प्रकाश, यतेंद्र कुमार, राजकुमार, मुकेश, डॉ. केपी सिंह, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## दो दिसम्बर को पुरकाजी थाने का घेराव करेंगे किसान

**पुरकाजी, 20 नवम्बर (बु.)।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) तोमर के आह्वान पर किसानों ने भ्रष्टाचार और अन्य समस्याओं को लेकर पुरकाजी थाने का घेराव करने की तैयारी की है। भाकियू तोमर के प्रदेश प्रभारी मनीष गुर्जर ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि थाना पुरकाजी पुलिस की कार्यशैली बेहद खराब है। थाने पर आने वाले पीड़ितों को न्याय न देकर पुलिस कर्मियों के द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जिसके विरुद्ध आगामी 2 दिसम्बर को थाने पर धरना-प्रदर्शन किया जाये। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जावेद बाबर, रब्बान मलिक, सलमान चौधरी, विशाल चौधरी, जावेद सलमानी, फरमान अली, शमशाद आदि मौजूद रहे।

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर, (बु.)।** मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-ढैया 1200-1250,रसकट ढैया-980-1020, चाकू 1005-1270, लड्डू 1100-1300, खुरपापाड़ 1025-1100, शक्कर मसाला 1280-1300। आमद-7,000 मन।

### अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

| | |
|---|---|
| सोना- 52,800 | चांदी-61,000 |
| सिक्का- 750 | गिन्नी- 40,200 |

### आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 21 नवंबर, 2022**

मेष- व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।
वृषभ- समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्त्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।
मिथुन- आज दिन 12/30 बजे तक बाधा, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आ्थक प्रगति, योजना का कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।
कर्क- आज दिन 12/30 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान।
सिंह- आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
कन्या- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय हितकर, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।
तुला- आज दिन 12/30 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त।
वृश्चिक- आज दिन 12/30 बजे तक सफलता, आ्थक व्यापारिक प्रगति, वैमनस्यता में कमी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।
धनु- समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्त्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।
मकर- साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, आत्मिक शांति की अनुभूति, मानसिक राहत।
कुम्भ- आज दिन 12/30 बजे तक ग्रहस्थिति विपरीत, व्यावसायिक निराशा, उत्तरदायित्व की पूत, प्रतियोगिता में सफलता, मनोविनोद के अवसर।
मीन- आज दिन 12/30 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, सोचे हुए कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# मुलायम सिंह के जन्मदिन पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

## ▶▶खतौली में होगा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, युवा कार्यकर्ता करेंगे रक्तदान, बटेंगे कंबलः प्रमोद त्यागी

**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में आगामी 22 नवम्बर को स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर अनेक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने करते हुए कहा कि 22 नवम्बर को पूर्व मुख्यमंत्री व सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर सभी नेताओं कार्यकर्ताओं के सहयोग से सपा कार्यालय पर प्रातः10 बजे नेताजी के संघर्षमय जीवन पर विचार गोष्ठी के साथ रक्तदान शिविर व गरीब असहाय लोगों को फल व कम्बलों का वितरण किया जाएगा। उनकी स्मृति में खतौली में अंतर्जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होगा। कार्यालय पर आयोजित बैठक में महासचिव जिया चौधरी, महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी सहित वरिष्ठ नेताओं व युवा नेताओं ने जन्मदिन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया। रक्तदान शिविर में सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष फिरोज अंसारी, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष संदीप धनगर, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, छात्र सभा जिलाध्यक्ष युसूफ गोर एडवोकेट एवं उनकी समस्त कार्यकारिणी द्वारा योगदान किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सतेंद्र सैनी, पूर्व चेयरमैन यशपाल बालियान, पूर्व प्रमुख विनय पाल, सोमपाल सिंह भाटी, असद पाशा, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, अब्दुल्ला राणा, शौकत अंसारी, ब्रजराज सैनी, साजिद हसन, रविंद्र कुमार एडवोकेट, प्रवीण मलिक, राहुल वर्मा, रोहन त्यागी, शमशेर मलिक, सत्यवीर प्रजापति, डॉ. नरेश विश्वकर्मा, शहजाद मैम्बर, फिरोज अख्तर, उमर खान, पवन पाल, सुमित पंवार बारी, शशांक त्यागी आदि मौजूद रहे।

## सहकारी समिति के एमडी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

**पुरकाजी, 20 नवम्बर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) तोमर के नेताओं ने स्थानीय थाने पर पहुंचकर किसान सेवा सहकारी समिति खाईखेड़ी पर एक ट्रैक्टर्स गाड़ी में लदे यूरिया खाद के कट्टों की अवैध रूप से बिक्री करने का आरोप लगाकर हंगामा करते हुए धरना दिया था, जिसकी सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारी व पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी थी। इस मामले में अब आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। भाकियू नेताओं ने आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की थी। रविवार को भाकियू नेता अंकित चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों लोग थाने पहुंचे और पुलिस पर कार्यवाही ना करने का आरोप लगाकर आरोपी समिति के एमडी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक अपराध सुखबीर सिंह ने उन्हें समझा बुढाकर शांत कर मामले में उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# निकाय चुनाव लड़ेगी आप

## दिल्ली-पंजाब फार्मूला यूपी में अपनाएगी आप




**मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर ( बु.)।** आम आदमी पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सीएम चौहान रविवार को जनपद मुजफ्फरनगर पहुंचे। यहां रुड़की रोड स्थित रेस्टोरेंट में आप जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। यहां उन्होंने यूपी की वर्तमान स्थिति में गन्ना किसानों की परेशानी, गरीब मजदूर और युवाओं में बढ़ती असुरक्षा की भावना को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आप इस बार पूरे प्रदेश में मजबूती से नगरीय निकाय चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पंजाब की सरकार द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर हम जनता के बीच जाएंगे और नगरीय निकाय चुनाव में काम के आधार पर अपनी जगह जनता में बनाने का काम करेंगे। नगर निकाय चुनाव के मसले पर वेस्ट यूपी प्रभारी सीएम चौहान ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए मोहल्ला कमेटी बनाई जा रही हैं। इस दौरान आप जिलाध्यक्ष अरविंद बालियान, आदिल राणा और वसी खेरी आदि आप नेता मौजूद रहे।



## विश्व दूरदर्शन दिवस 21 नवम्बर पर विशेष

**-डॉ. वंदना शर्मा**




# जागरुकता का सबसे बड़ा साधन हम सभी का प्यारा 'दूरदर्शन'

**व**र्तमान समय में दूरदर्शन व्यक्ति की सामान्य आवश्यकताओं में से एक बन गया है। देश- दुनिया की खबर जन जन तक पहुँचाने से लेकर, मनोरंजन के साधन, खेल कूद के सीधे प्रसारण, शैक्षिक प्रसारण आदि ने दूरदर्शन को संपूर्ण विश्व में एक नयी पहचान दी है।

दूरदर्शन के बढ़ते हुए प्रभाव और उसके महत्त्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर, 1996 को '21 नवम्बर' की तिथि को विश्व दूरदर्शन दिवस के रूप में घोषित किया था। दूरदर्शन को अंग्रेजी में टेलीविजन कहा जाता है। जॉन लोगी बेयर्ड ने 1925 में पहला मकैनिकल सिस्टम आधारित ब्लैक-व्हाइट टेलीविजन बनाया था, जिसके कारण उन्हें टेलीविजन का अविष्कारक और फादर ऑफ टेलीविजन कहा जाता है। सन 1925 में जॉन द्वारा मैकेनिकल टेलीविजन बनाने के बाद सन 1927 में फिलो फार्न्सवर्थ ने पहला इलेक्ट्रॉनिक टीवी बनाया और इसका सार्वजनिक प्रदर्शन ३ सितंबर 1928 को किया।

भारत में पहला टेलीविजन प्रसारण 15 सितम्बर 1949 को किया गया था। तब तत्कालिक राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने इसका उद्घाटन आकाशवाणी भवन नई दिल्ली में किया था। उस समय सप्ताह में 2 दिन 1-1 घंटे के लिए टेलीविजन का प्रसारण किया जाता था। समय के साथ साथ प्रसारण की अवधि भी बढ़ती गयी। प्रारम्भ में टेलीविजन पर कार्यक्रम का प्रसारण आल इंडिया रेडियो के माध्यम से किया जाता था। इसमें मुख्य रूप से कृषि कार्यक्रम और स्कूली बच्चों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम प्रसारित किये जाते थे। साल 1975 में आल इंडिया रेडियो से दूरदर्शन को अलग करके एक नए विभाग का निर्माण किया गया। इसके बाद देश के अन्य हिस्सों में भी दूरदर्शन केंद्र खुलने लगे थे। 1982 में भारत के उपग्रह इनसेट-1ए के माध्यम से दूरदर्शन पर कार्यक्रमों का प्रसारण होने लगा। इसका प्रारम्भ एशियाई खेलों के आयोजन के साथ हुआ था।

प्रारंभ में दूरदर्शन का एक ही चैनल हुआ करता था। समाचार, कृषि संबंधी कार्यक्रम तथा शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ इसका विस्तार हुआ और सप्ताह में एक बार प्रति रविवार हिन्दी फीचर फि ल्म का प्रसारण होने लगा। सभी को इसका बेसब्री से इंतजार रहता था। समय के साथ साथ कार्यक्रम योजना में परिवर्तन होते रहे। फीचर फिल्म का प्रसारण सप्ताह में दो बार होने लगा। दूरदर्शन के दो चैनल हो गए डीडी-1 तथा डीडी-2। कार्यक्रम का स्वरूप भी बदलता गया। शम्मी नारंग, शोभना जगदीश, गजाला अमीन, वेद प्रकाश, साधना श्रीवास्तव, सलमा सुल्तान आदि न्यूज रीडर हुआ करते थे। चित्रहार व रंगोली लोगों के पसंदीदा कार्यक्रम थे जिनका प्रसारण आज भी होता है। बुनियाद, हम लोग, सर्कस, चंद्रकांता, शांति, शक्तिमान, स्वाभिमान, सुरभि जैसे अनेकों धारावाहिकों ने लोगों के दिलों को छुआ। हम लोग दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला पहला धारावाहिक था। दूरदर्शन ने सुरभि से रेणुका शहाणे, सर्कस से शाहरुख खान, शांति से मंदिरा बेदी आदि अनेक कार्यक्रमों से पंकज कपूर, राकेश बेदी, मुकेश खन्ना आदि बहुत से दिग्गज कलाकारों को विशेष पहचान दिलाई। रामानन्द सागर की रामायण तथा बीआर चोपड़ा की महाभारत के प्रसारण के समय तो दुनिया थम सी जाती थी। विज्ञापन के क्षेत्र में भी दूरदर्शन का अद्भुत योगदान रहा है। एकता का संदेश देती पंक्तियाँ-'मिले सुर मेरा तुम्हारा, तो सुर बने हमारा' बच्चों को शिक्षित करती पंक्तियाँ 'एक चिड़िया अनेक चिड़िया...' साथ ही 'हो हेमा, रेखा, जया और सुषमा, सबकी पसंद निरमा', 'बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर, हमारा बजाज' जैसी पंक्तियों ने विज्ञापन की दुनिया को नयी ऊँचाईयों तक पहुँचाया। दूरदर्शन ही एक ऐसा माध्यम है जिसने क्रिकेट को घर घर तक पहुंचाया।

वर्ष 1995 के बाद भारत में निजी और क्षेत्रीय चैनलों का विकास शुरू हो गया था।वर्तमान में देश मे 1000 से ज्यादा सरकारी, निजी और क्षेत्रीय चैनल मौजूद हैं। भारत का अपना पहला निजी चैनल जी नेटवर्क है। जी पहली बार साल 1999 में अस्तित्व में आया। वर्तमान में दूरदर्शन के क्षेत्र में अद्भुत क्रांति आयी है। आज का टीवी स्मार्ट होता जा रहा है। आज मार्केट में एलसीडी/एलइडी 4के, अल्ट्रा एचडी और स्मार्ट टीवी की भरमार है। दूरदर्शन एक ऐसा माध्यम है जिसमें संपूर्ण विश्व को एक दूसरे के निकट ला दिया है। वर्तमान में दूरदर्शन पर 24 घंटे किसी न किसी चैनल पर प्रसारण होता रहता है।



आज दूरदर्शन पर प्रत्येक आयु वर्ग के लिए कार्यक्रम उपलब्ध है। बच्चों के लिए कार्टून शो, युवाओं के लिए संगीत और मनोरंजन साधन, रियल्टी शो तथा बड़े बुजुर्गों के लिए भजन संध्या। वहीं दूसरी ओर छात्रों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम, किसानों के लिए कृषि दर्शन। हम अपनी इच्छा के अनुसार टीवी चैनल का चयन करते हैं और मनोरंजन करते हैं। दूरदर्शन सूचना व संचार का सबसे प्रभावी साधन बन चुका है, जो संपूर्ण विश्व की जानकारी घर बैठे प्रदान करता है।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की कलम से

# काशी-तमिलनाडु का संगम

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में 'काशी तमिल संगमम' का उद्घाटन किया है। इसका आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय कर रहा है। "काशी तमिल संगमम" को ऐसे प्रोजेक्ट के तौर पर देखा जा रहा है, जो तमिलनाडु और वाराणसी के बीच प्राचीन सम्बंधों को न केवल जोड़े, बल्कि उसे युवा पीढ़ी तक भी पहुंचाए। हिन्दू मान्यता में गंगा के लिए बड़ा स्थान है। विश्वभर में जहां-जहां हिन्दू हैं, वे सब गंगा में बड़ी आस्था रखते हैं। तमिलनाडु के लोग भी हरिद्वार और वाराणसी में बड़ी संख्या में आते हैं और अपनी आस्था को अपने परिधान और अपनी विधि से पूरा करते हैं। जैसे पूरा देश आपस में किसी न किसी रूप में जुड़ा है, ऐसे ही काशी और तमिलनाडु भी जुड़े हैं। "काशी तमिल संगमम" से यह संबंध और प्रगाढ़ होंगे। सरकार की इस योजना को लेकर अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बहस देखने को मिल रही है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार यह आयोजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन को मजबूती देने वाला है, साथ ही यह तमिल जैसी प्राचीन भाषा के विकास में मदद पहुंचाने वाला है। इसके आलोचक भी कम नहीं हैं, आलोचकों के अनुसार यह कार्यक्रम तमिल भाषा के विकास के लिए नहीं है, बल्कि संस्कृत भाषा को प्रभुत्व देने वाला है। इतिहास कहता है कि काशी और तमिलनाडु के बीच दसवीं शताब्दी ही से संबंध रहे हैं। इतिहासकार कहते हैं कि हमारे पास चोल काल के समय के शिलालेख हैं, जिनमें वाराणसी का ज़िक्र है। तमिलनाडु में कई जगहों पर काशी विश्वनाथ और विशालाक्षी मंदिर मौजूद हैं। तमिलनाडु में काशी नाम का शहर भी है। काशी में भी तमिल लोग रहते हैं और वे काशी विश्वनाथ मंदिर से भी जुड़े हुए हैं। आज भी काशी के लोग धार्मिक कारणों से रामेश्वरम जाते हैं और दक्षिण भारतीय लोग काशी आते हैं। यह प्राचीन काल से चला आ रहा है। 17वीं शताब्दी में शैव कवि कुमारागुरूपरार तमिलनाडु से काशी गए और वहां मठ स्थापित किया। यह मठ बाद में थानजावुर ज़िले में आ गए, लेकिन लोग उसे आज भी काशी मठ ही कहते हैं। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और आईआईटी मद्रास, इस आयोजन के नॉलेज पार्टनर हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इसका आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में विशेषज्ञों की बैठक और चर्चाएं आयोजित होंगी, साथ ही वाराणसी के धार्मिक और व्यापारिक केंद्रों को भी दिखाया जाएगा। इस दौरान दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम और लोक कला से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। काशी और तमिलनाडु के संबंधों को लेकर विभिन्न क्षेत्र के एक्सपर्ट व्याख्यान देंगे।, परिचर्चा भी आयोजित होगी। दोनों क्षेत्रों की परंपरागत जानकारी, कला और व्यापार को लेकर भी चर्चा होगी। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि संगम के समाप्त होने तक तमिलनाडु के लोगों को काशी के बारे में ढेर सारी जानकारी मिल जाएगी और काशी के लोगों को तमिलनाडु की सांस्कृतिक समृद्धि का पता चल जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों से 210 लोगों के समूह को आठ दिनों के लिए काशी लाया जाएगा। इसके अलावा करीब 2500-2500 लोगों का 12 समूह आयोजन में हिस्सा लेने के लिए काशी में मौजूद होगा। करीब 2500 लोगों का चयन वेबसाइट में पंजीकृत लोगों में किया जाएगा और उन्हें भी प्रतिभागी माना जाएगा। सरकार इन लोगों को लाने और वापस ले जाने और ठहराने इत्यादि का इंतजाम करेगी। जिन लोगों का चयन होगा उन्हें रामेश्वरम, चेन्नई और कोयम्बटूर से नियमित ट्रेनों में बने विशेष कोचों के जरिए लाया जाएगा। प्रधानमन्त्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि हमें आजादी के बाद हजारों वर्षों की परंपरा और इस विरासत को मजबूत करना था, इस देश का एकता सूत्र बनाना था, लेकिन दुर्भाग्य से इसके लिए बहुत प्रयास नहीं किए गए। "काशी तमिल संगमम:" इस संकल्प के लिए एक प्लेटफॉर्म बनेगा और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए ऊर्जा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु का प्राचीन काल से सम्बंध हैं। इसका प्रमाण काशी की गलियों में मिलेगा। यहां आपको तमिल संस्कृति के मंदिर मिलेंगे। हरिश्चंद्र घाट और केदार घाट पर 200 से ज्यादा वर्ष पुराना मंदिर है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु दोनों ही संस्कृति और सभ्यता के कालातीत केंद्र हैं। दोनों क्षेत्र संस्कृत और तमिल जैसी विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं के केंद्र हैं। मोदी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु दोनों संगीत, साहित्य और कला के स्त्रोत हैं। काशी में बनारसी साड़ी मिलेगी, तो कांचीपुरम का सिल्क पूरे विश्व में मशहूर है। तमिलनाडु संत तिरुवल्लुवर की पुण्य धरती है। दोनों ही जगह ऊर्जा और ज्ञान के केंद्र हैं। आज भी तमिल विवाह परंपरा में काशी यात्रा का जिक्र होता है। यह तमिलनाडु के दिलों में अविनाशी काशी के प्रति प्रेम है। यही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है, जो प्राचीन काल से अब तक अनवरत है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में संगमों का बड़ा महत्व रहा है। नदियों और धाराओं के संगम से लेकर विचारों-विचारधाराओं, ज्ञान-विज्ञान और समाजों-संस्कृतियों के संगम का हमने जश्न मनाया है। इसलिए काशी तमिल संगमम अपने आप में विशेष है, अद्वितीय है। एक ओर पूरे भारत को अपने आप में समेटे हमारी सांस्कृतिक राजधानी काशी है, तो दूसरी ओर भारत की प्राचीनता और गौरव का केंद्र, हमारा तमिलनाडु और तमिल संस्कृति है। ये संगम भी गंगा यमुना के संगम जितना ही पवित्र है। काशी और तमिलनाडु दोनों शिवमय हैं, दोनों शक्तिमय हैं। एक स्वयं में काशी है, तो तमिलनाडु में दक्षिण काशी है। काशी-कांची के रूप में दोनों की सप्तपुरियों में अपनी महत्ता है। कुछ लोग काशी तमिल संगम के आयोजन की आलोचना भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलन अभी थमा नहीं है। ऐसे में बीजेपी ऐसी छवि बनाना चाहती है कि वह तमिल को सेलिब्रेट कर रही है। भारतीय भाषा समिति का काम भारतीय भाषाओं का विकास करना है।अगर यह समिति तमिल भाषा और उसकी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहती तो इसका आयोजन तमिलनाडु में किया जाता। इसका आयोजन वाराणसी में क्यों हो रहा है, जिसे संस्कृत का मठ कहा जाता है। तमिल भाषा और उसकी संस्कृति के महत्व को बताने के लिए वाराणसी का चुनाव किया गया है, यह पूरी तरह से बीजेपी के राजनीतिक उद्देश्य के चलते किया गया है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"चौकड़ी" "फेसबुक" "नेता" "धन"

अहमकों की चौकड़ी दी, लालची नेताओं को,
फेसबुक का फन दिया है, अक़्ल भी दे दे जरा।
मेरे मालिक बस जरा सा हिन्द पर कर दे करम,
नेता जी को धन दिया है,अक़्ल भी दे दे जरा।




# इंद्रेश जी द्वारा तवांग यात्रा का किया गया शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)। भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा पिछले 11 वर्षो से तवांग यात्रा का आयोजन इंद्रेश जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रचारक एवं संस्थापक द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष भी गुवाहाटी से इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्य रूप से इन्द्रेश, महामंडलेश्वर यतेन्द्र नंद गिरी, पंकज गोयल राष्ट्रीय महामंत्री, प्रमोद गोयल राष्ट्रीय मंत्री, कपिल त्यागी प्रांत महामंत्री मेरठ एव विजय वर्मा जिलाध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से भारत एवं तिब्बत का झंडा लहराकर यात्रा को शुरू किया गया, जिसमें लगभग 300 लोग बॉर्डर पर जाकर चीन को एक संदेश देंगे कि अपनी गिद्ध दृष्टि को भारत पर न डालें और तिब्बत को जल्द से जल्द आजाद करें। यात्रा का मुख्य उद्देश्य तिब्बत को चीन से आजाद कराना है और साथ ही साथ आराध्य देव भगवान शंकर का निवास स्थान कैलाश मानसरोवर पर्वत को भी चीन से मुक्त कराना है। भारत की सुरक्षा हेतु तिब्बत का आजाद होना अति आवश्यक है, जिससे कि चीन की गिद्ध दृष्टि से भारत की सीमाओं को बचाया जा सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैध टेक बल्लभ, राजेंद्र कुमार, राजीव मोहन गुप्ता, सतपाल ढल, मनोज श्रीवास्तव, अनिता, एवं भारतवर्ष के प्रत्येक राज्य से लोग उपस्थित थे, जिन्होंने भारत माता की जय वंदे मातरम भारत भाई-भाई के नारे लगाकर वहां लोगों में जोश भर दिया और सभी ने उसी जोश के साथ बॉर्डर पर जाने का संकल्प लिया।

# मांउट लिट्रा जी स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बुस.)। माउंट लिट्रा जी स्कूल लिंक रोड गांधी कॉलोनी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें जनपद के माननीय सांसद/ केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान कैबिनेट मंत्री मत्स्य पालन पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल जी व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण विभाग मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि गण, विशेष अतिथि पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश, एसडी ग्रुप के सचिव अखिलेश दत्त, समाजसेवी अमित प्रकाश, सुनैना प्रकाश, प्रमुख उद्योगपति अशोक बिंदल, सोमपाल सिंह प्रदेश संयोजक कुश पुरी समाजसेवी अशोक बालियान, सुभाष चौधरी, रश्मि बिंदल, सानिया बिंदल सपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, राकेश शर्मा, गुलशन बैंक से अनिल सिंह, डॉक्टर शिशिर गुप्ता, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. यश अग्रवाल, डॉ. जतिन, डॉक्टर शेफाली, डॉ. तारीक, रीना अग्रवाल, मानसी अरोरा, साधना मेहता रेमी जैन, बी.पी. शर्मा आदि विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन नवनीत भारद्वाज, ट्रस्टी सुमित रोहल, सचिव नरेश कुमार वत्स, निर्देशिका चारू भारद्वाज, ट्रस्टी मंजरी सिंगल एवं संचालक सुनंद सिंघल, प्रधानाचार्य डॉ. पीयूष गुप्ता के द्वारा सरस्वती पूजन करके किया गया। शैक्षिक निर्देशिका चारू भारद्वाज ने अपने स्वागत संबोधन में सभी अतिथियों का एवं अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षक शिक्षिकाओं के उत्साहवर्धन हेतु सभी आदरणीय अतिथियों की उपस्थिति वंदनीय है। वार्षिकोत्सव का मुख्य विषय 'रसोत्सव' अर्थात 'जीवन के रंग' रखा गया। जीवन के विभिन्न आयामों को, रसों वर्गीकरण "नवरस 'के माध्यम से दर्शाया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात स्वागत गान, तितलियां नृत्य और बाल जीवन की झांकियों द्वारा वात्सल्य रस,गणेश वंदना द्वारा भक्ति रस,





सैनिक के शौर्य एवं कोरोना काल के रोगियों की सेवा के लिए अद्भुत साहसिक सेवा भाव दिखाने वाले चिकित्सकों एवं परिचायक-गणों के तन मन द्वारा किए गए त्याग का प्रशस्ति गान वीर रस द्वारा किया गया।शान्त रस का प्रकटन योगिक क्रियाओं द्वारा किया गया।भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता को अद्भुत रस में तथा मां और बच्चे का स्नेह वात्सल्य रस में दर्शाया गया। शिव तांडव द्वारा रौद्र रस और विभिन्न सामाजिक विकृतियों का भयानक रस में अविस्मरणीय नृत्य मंचन किया गया।

विद्यालय प्रिंसिपल पीयूष गोयल दुख के द्वारा 2022-23 की उपलब्धियों का वार्षिक रिपोर्ट में वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संभाषण में सभी विद्यार्थियों, विद्यालय कर्मचारियों, शिक्षकों की एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में समाजिक समरसता का संचार होता है, और वे समाज को भारतीय संस्कृति के प्रचार एवं प्रसार का संदेश देते है, जोकि एक आदर्श नागरिक के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में संचालक सुनंद सिंघल सिंह ने सभी आगंतुकों, अभिभावकों, प्रबंधन समिति, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं वार्षिकोत्सव के संचालकों का धन्यवाद किया। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक ग्रैंड फिनैले के मंचन के बाद राष्ट्रगान गाकर रसोत्सव का समापन किया गया।

# गांधी कालोनी में यज्ञ का स्वामी कर्मवीर ने किया शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बुस.)। महर्षि पतंजलि अंतर्राष्टीय योग विद्यापीठ के संस्थापक योगनिष्ठ स्वामी कर्मवीर ने कहा कि आचारहीन व्यक्ति का वेद भी कल्याण नहीं करते है। जीवन को संस्कारवान बनाये। गांधी कालोनी में आयोजित तीन दिवसीय ऋग्वेद आंशिक यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर पधारे योगनिष्ठ स्वामी कर्मवीर ने कहा कि यज्ञ भारत की पुरातन संस्कृति का श्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ और योग साथ-साथ करेंगे तो यह जन्म और अगला जन्म भी श्रेष्ठ होगा। यज्ञ से आस-पास का वातावरण स्वर्गमय बनता है। अपने जीवन को संस्कारमय बनाएंगे और श्रेष्ठ आचरण करिये, तभी बच्चें भी संस्कारित बनेंगे। पृथ्वी की रक्षा को यज्ञ करें और पेड़ लगाए। ईश्वर से बड़ा दानी कोई नहीं, जो निरंतर हमें दे रहा है। यज्ञ ब्रह्म डॉ. निष्ठा वेदालंकार ने कहा कि पुरुषार्थ ही मनुष्य जीवन की पहचान है। आलस्य का त्याग कीजिये। यज्ञ से जीवन उत्तम बनता है। ब्रह्मचर्य जीवन निर्माण की



नींव है। दीघार्यु, स्वस्थ और यशस्वी जीवन के लिए ब्रह्मचर्य का पालन करें। उपदेशक कुलदीप विद्यार्थी ने कहा कि महर्षि दयानंद के सिद्धांतों, आदर्शो और नैतिक मूल्यों से ही समाज में सत्य स्थापित होगा। यज्ञ की महिमा वेदों में निहित है। उन्होंने प्रेरक भजन सुनाये। वैदिक संस्कार चेतना अभियान संयोजक आचार्य गुरुदत्त आर्य ने कहा कि पुण्य और शुभ कर्मो में जीवन लगाए। अंतर्मन की पवित्रता और सदाचरण से ही शांति, सुख और समृद्धि आएगी। वेदपाठ हेमलता आर्या एवं अपाला आर्या ने किया। यज्ञमान गजेंद्र सिंह राणा और नीरज राणा रही। स्वामी योगानन्द, धर्म मुनि, नरदेव मुनि ने आशीर्वाद दिया। आर्य समाज गाँधी कालोनी प्रधान राकेश ढिंगरा, देवेंद्र राणा, आंनद पाल सिंह आर्य, आर.पी.शर्मा, मंगत सिंह आर्य, पूर्व प्रवक्ता गजेंद्र पाल सिंह, अशोक राठी, नरेंद्र मलिक, जय सिंह धीमान, योगेश्वर दयाल, सतीश आर्य आदि मौजूद रहे। संचालन गजेंद्र राणा ने किया।



# किसान सम्मान समारोह मनाया

मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बुस.)। 1982 से बेदी ट्रक्टर्स (महिन्द्रा ट्रैक्टर डीलरशिप) किसान भाईयों की सेवा में सदैव तत्पर है। उसी को आगे बढ़ाते हुए हमने आज किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया। हमने अक्टूबर माह में रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 123 ट्रैक्टरों की डिलीवरी की। उसी के उपलक्ष में हमने समारोह में लकी ड्रा का आयोजन भी किया, जिसमे पहले ईनाम में मोटरसाईकिल शिवम ग्राम जडवड (जानसठ ), दूसरे ईनाम मे वॉशिंग मशीन आस मौ. ग्राम धंधेडा, तीसरे ईनाम में एलईडी सतीश कुमार ग्राम दाहौड (खतौली) व सभी किसान भाईयों को मिक्सर जूसर का ईनाम सम्मान स्वरूप दिया गया। बेदी ट्रैक्टर्स किसान भाईयों के लिये एकमात्र ऐसा स्थान है, जहाँ पर सभी प्रकार के इंपलीमैटस, सर्विस, स्पेयर्स व ट्रैक्टर के लिये लोडर एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। किसान भाईयों के प्यार और आशीर्वाद से हम पश्चिम उत्तर प्रदेश में नं0 1 स्थान पर 1991 से कायम हैं। यही प्यार और आशीर्वाद किसान भाईयों का हमेशा बना रहें, यही आशा करते है। समारोह को सफल बनाने में बेदी ट्रैक्टर्स के प्रोप्राइटर सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, सरदार मनप्रीत सिंह बेदी, सरदार हनप्रीत सिंह बेदी, अमित सेठी (सीनियर एरिया मैनेजर महिन्द्रा ट्रैक्टर्स), कपिल अरोरा (असिसटेन्ट एरिया मैनेजर महिन्द्रा ट्रैक्टर्स) मैनेजर रविन्द्र कुमार विकास त्यागी मैनेजर (महिन्द्रा फाइनेन्स) व समस्त स्टाफ बेदी ट्रैक्टर्स उपस्थित रहें।

## एसडीएम के जरिए राज्यपाल को भिजवाया ज्ञापन

बुढ़ाना, 20 नवम्बर (बु.)। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के पूर्व प्रदेश सचिव के नेतृत्व में रविवार के दिन सपा कार्यकताओं ने एसडीएम बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जैसा कि उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर में उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान का वोट डालने का अधिकार व उनका वोट वोटर लिस्ट से निरस्त कर दिया गया है, या तो उनका नाम वोटर लिस्ट में दोबारा जोड़कर उसे बहाल किया जाये, अन्यथा ठीक उसी तरह से खतौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक विक्रम सैनी भी आजम खान वाली श्रेणी में आते हैं, तो अब उनका भी वोट डालने का अधिकार और उनका वोट वोटर लिस्ट से निरस्त किया जाये। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सपा नेता नवाब इम्तियाज, शहजाद इंजीनियर शाहिद, दानिश, इमरान, जीशान, इरफान, साजिद, जब्बार कुरैशी, शूटर मौहम्मद मुनव्वर इम्तियाज और मौहम्मद अब्दुल्ला इत्यादि सपाई मौजूद रहे।

# ढाई लाख की इनामी कुश्ती बराबरी पर छूटी

▸ डेढ़ लाख की इनामी हिंद केसरी नीरज पहलवान ने जीती ▸ केंद्रीय मंत्री ड़ॉ संजीव बालियान ने ट्राफी भेंट की

शाहपुर, 20 नवंबर (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम में जनहित स्पोटर्स एकेडमी में आयोजित एक दिवसीय विशाल दंगल के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि वर्तमान में युवाओं का रुझान खेलों की ओर बढ़ा है और वह खेलों के माध्यम से अपना कैरियर बना रहे हैं। वहीं केंद्र व प्रदेश सरकार भी खेलों को प्रोत्साहन दे रही है । उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में विशाल दंगल होने से क्षेत्र की प्रतिभाओं को सीखने के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलता है । इस दौरान उन्होंने जनहित स्पोटर्स एकेडमी को कुश्ती मैट देने की भी घोषणा की। दंगल में छात्रसाल स्टेडियम दिल्ली के पहलवान हिंद केसरी मोनू व गुरू हनुमान अखाड़ा दिल्ली के हिंद केसरी पहलवान संजय गुर्जर के बीच हुई ढाई लाख रुपये की कुश्ती बराबरी पर रही। वहीं डेढ़ लाख रुपये की कुश्ती हिंद केसरी धीरज पहलवान व हिंद केसरी मनदीप पहलवान के बीच हुई, जिसमें धीरज



पहलवान ने मनदीप पहलवान को पराजित कर ट्राफी हासिल की । एक लाख रुपये की कुश्ती यूपी केसरी संदीप पौसवाल व हरियाणा केसरी विजय रोहतक के बीच हुई जो बराबरी पर रही। इसके अलावा शांतनु गढ़ी बहादुरपुर व प्रिंस बिजनौर, निशांत नसीरपुर, आशीष दिल्ली के बीच हुई कुश्ती बराबरी पर रही । दंगल के आयोजक वीशू बालियान ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। विशाल दंगल में जिला पंचायत सदस्य विजय चैधरी, रामनाथ ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश सैनी, अकरम कुरैशी कल्लू, ग्राम प्रधान करणवीर सिंह, नीरज कुमार, धर्मपाल सिंह, विश्वेंद्र बालियान, ललित जैन, प्रदीप काशीवाल ,तोहिद त्यागी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कबड्डी संघ के सचिव मा0 रामपाल सिंह व जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया ।




# छात्राओं ने 5 गोल्ड और 2 सिल्वर पदक जीतकर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)। गुलशन पॉलीओल्स लिमिटेड़ द्वारा संचालित आशाएँ प्रशिक्षण केन्द्र गौशाला रोड़ नई मण्डी की छात्राओं ने गांधी वाटिका हॉल, गांधी कॉलोनी में आयोजित डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडों चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर सम्पूर्ण जिले एवं राज्य में अपने साथ केन्द्र का भी नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्था की निदेशक अदिति पसारी ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी एवं सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। आगे उन्होंने बताया कि अभी केन्द्र में 100 से ज्यादा छात्राएं निःशुल्क इंग्लिश स्पीकिंग सेल्फ डिफेस और कम्प्यूटर का प्रतिशक्षण ले रही है। अपूर्वा शर्मा, विधि शर्मा, बरखा शर्मा, सोनम यादव, और अनु ने गोल्ड मेडल व राधिका और कामाख्यम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। पूजा, पुरी, अनीश शर्मा, अमित गोयल, जितेन्द्र सिंह, अरूण टण्डन और विजय लक्ष्मी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एसडी कॉमर्स में एलुमनी मीट का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 20 नवंबर (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सभागार में आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ व मानविकी संकाय द्वारा एक एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी इकट्ठे हुए और गीत-कविताओं के जरिये अपनी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल, मानविकी संकाय की विभागध्यक्ष एकता मित्तल, डॉ. सौरभ जैन (आईक्यूएसी समन्वयक), डॉ. रवि अग्रवाल, नीतू गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

सौरभ कान्त, रिया गोयल, परमजीत, विशाखा, सनाया, सौरभ, रश्मि सिंघवाल, रितु आदि ने अपने अनुभवों को साझा किया विभिन्न प्रस्तुतियां दी व गेम खेले। प्राचार्य सचिन गोयल ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी भावी समाज की नीव है और आप हमारे विद्यालय से सीखे गये अनुशासन व शिक्षा के हमेशा समाज की प्रगति की ओर अग्रसर




रहें।

विभागध्यक्ष एकता मित्तल ने इस तरह के सम्मान समारोह के महत्व को बताते हुए कहा कि इस तरह के समारोह के द्वारा हमें अपने पूर्व छात्रों से मिलने का पुनः अवसर मिलता है क्योंकि प्रत्येक शिक्षक के जीवन में उनके छात्रों का एक महत्वपूर्ण स्थान होता है कार्यक्रम का संचालन सपना चैहान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. दिनेश कुमार पवन, विनित कुमार, नीरज कुमार, सोनिया, गरिमा, आकांक्षा आदि उपस्थित रहे।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी श्रीमती रेणू अरोरा व पुत्र निशित अरोरा श्री गंगानगर, राजस्थान में पिछले 10 वर्षो से अलग रह रहे हैं। मैं अपनी पत्नी श्रीमती रेणू अरोरा व पुत्र निशित अरोरा से अपने सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूँ। मैंने अपनी पत्नी श्रीमती रेणू अरोरा व पुत्र निशित अरोरा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरी पत्नी रेणू अरोरा व पुत्र निशित अरोरा कोई गलत कर्म या किसी प्रकार का लेनदेन करते हैं, तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

नवीन अरोरा
पुत्र श्री नारायण दास अरोरा
निवासी : म.नं. 128, शिवनगर, सुभाषनगर, मुजफ्फरनगर









## ----यादगार लम्हें----



एसडी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। -फोटो बुलेटिन

# एस.डी. पब्लिक स्कूल के 54वें स्थापना दिवस में रंगारंग कार्यक्रमों ने अपनी इन्द्रधनुषीय छटा बिखेरी

▶ सांसद संजीव बालियान व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया ▶ मुख्य अतिथि संजीव बालियान व कपिल देव अग्रवाल बोले आज के छात्र-छात्राएं नम्बर पाने में हमसे भी अव्वल




















मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)। एस.डी. पब्लिक स्कूल सीनियर विंग प्रांगण में 54वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनोहारी व हर्षोल्लास से परिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान व उनकी पत्नी डॉ. सुनीता बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा उनकी पत्नी अंजू बाला अग्रवाल, गैस्ट ऑफ ऑनर एस.डी. एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश, सचिव डॉ. चंद्रकुमार जैन एवं दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ इस कला व संस्कृति के समन्वय पर आधारित कार्यक्रम सृजन के साक्षी बने। कार्यक्रम के दौरान सांसद संजीव बालियान व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया व एसडी पब्लिक स्कूल की नींव रखने वाले महेन्द्र कुमार व अन्य वरिष्ठ संचालकों के चित्र पर माल्यार्पण किया।

विद्यालय में पधारे अतिथियों का स्वागत विद्यालय सचिव आकाश कुमार, सपना कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य, डायरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्या अनीता दत्ता, उप प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, जूनियर विंग इंचार्ज रेनू गोयल, इंचार्ज कुमुद गार्गी, गीता मित्तल व चीफ प्रोक्टर विकेश गुप्ता ने बुके व माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती मां व विद्यालय संस्थापकों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उद्योगपति भीम कंसल, सतीश गोयल, गौरव स्वरूप, जीसी पब्लिक स्कूल के विनोद कुमार, डॉ. अशोक अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला का विद्या की देवी माँ सरस्वती की वंदना से शुभारम्भ किया गया।

विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सैना ने सभी अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत अपने सारगर्भित संबोधन के द्वारा किया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, यहाँ सभी धर्मों का समान रूप से आदर किया जाता है। इसी भावना को दर्शाते हुए सुर, लय और ताल के साथ सर्वधर्म प्रार्थना ने वातावरण को धार्मिक रंग में रंग दिया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य अमीबा में सृष्टि की उत्पत्ति का प्रारंभिक रूप दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संजीव बालियान ने शैक्षिक सत्र की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरित कर सम्मानित किया। कक्षा 12वीं के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में साइंस ग्रुप से शौर्य पवार, कॉमर्स ग्रुप से अंजली बत्रा व मानविकी संकाय से आकांक्षा पुण्डीर पुरस्कृत किए गये। विषयानुसार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में रसायन विज्ञान से कशिश, शौर्य, वंश, गणित विषय से आदित्य, पारस, प्रीति, शौर्य, भौतिक विज्ञान से आदित्य कॉमर्स ग्रुप में बिजनेस स्टडीज से ध्रुव, नंदिनी, एकाउटेंसी से देवांग, आयुष, मनोविज्ञान से अर्पित, फारिहा, ईशा, करिश्मा, फिजिकल एजूकेशन से अविरल, इंजीनियरिंग ग्राफिक्स से वैभव अग्रवाल, भूगोल से अभिमन्यु एंटरप्रेन्योरशिप से आदित्य राजनीति शास्त्र से आकांक्षा तथा कक्षा 10वीं से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र वंश गोयल रहे।

कक्षा 10वीं के विषयानुसार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-अंग्रेजी विषय से शौर्य, मेधा, उज्ज्वल, वंश, अन्वी, गणित विषय से वंश, श्रेया, कार्तिक, दिव्या, सौम्या, आर्जव, अनंत, कृश, मिन्नी, काशवी, शौर्य, वंश, मुकुल, दिव्यांश, ओम, विज्ञान से अनन्या, आरूषी, काव्या व संस्कृत से वंश, यशिका, कृष्णा, मिनी, रिया, उदय व रिया अरोरा रहे।


बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को बुके भेंट करती डायरेक्टर चंचल सक्सैना

बोर्ड परीक्षा के साथ गृह परीक्षा में उत्तम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में - कक्षा प्रथम से मान्या गर्ग, द्वितीय से राजी-नजम, तृतीय से-एकांश ढींगरा, चतुर्थ से-साक्षी गोयल, पांचवी से-मध्यम गर्ग, छठी से-दिविक कुच्छल, सातवीं से-आदित्य मित्तल, आठवीं से अबुजैद खान, नवीं से रिद्धि गुलाटी तथा कक्षा ग्यारह-मानविकी संकाय से गुंचा जैन, कामर्स से-अवनि जैन तथा विज्ञान संकाय से शिवम पंवार रहे। साथ ही उनके अध्यापकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के दो छात्र आदित्य ऐरन तथा शौर्य पँवार ने शैक्षिक सत्र में अपने शिक्षण के साथ-अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए आई.आई.टी. रूड़की तथा आई.आई.टी. गुहावटी जैसी संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। ऑल राउंड बेस्ट ब्यॉय के लिए शौर्य पँवार, ऑल राउंड बेस्ट गर्ल के लिए इशिका गोयल तथा विद्यालय की एक और होनहार छात्रा संजम सप्पल को राजकीय विश्वविद्यालय चंड़ीगढ़ में प्रवेश प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संजीव बालियान ने कहा कि कार्यक्रम की उत्कृष्टता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व का निर्माण सफलतापूर्वक कर रहा है। अपनी इन्हीं उपलब्धियों के कारण यह विद्यालय इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान बनाए हुए हैं। एस.डी. पब्लिक स्कूल एक सीप है, जिसमें पढ़कर छात्र मोती के समान ज्ञान की आभा से प्रकाशित होता है। जो विशेषता एस.डी. पब्लिक स्कूल की है, देश का नक्शा बदलना निश्चित रूप से सम्भव है। प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने कहा कि सृष्टि के आविर्भाव से लेकर आज तक की कहानी को दशार्ने का हमारा उद्देश्य आज की पीढ़ी को आने वाले समय की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। उसे बढ़ाने में अभिभावक वर्ग व पूरे समाज के सहयोग की भी सतत आवश्यकता है। विद्यालय सचिव आकाश कुमार ने उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का धन्यवाद किया तथा कार्यक्रम राष्ट्रगान व मंगलकामना के साथ सम्पन्न हुआ।





## कक्षा आठ के छात्र की रहस्यमयी बुखार से मौत

**मीरापुर, 20 नवम्बर (बु.)।** मीरापुर के एक स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ने वाले छात्र की रहस्यमयी बुखार के चलते दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई।छात्र पिछले एक माह पहले रहस्यमयी बुखार की चपेट में आया था। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मीरापुर क्षेत्र में बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। निजी अस्पतालों, प्राइवेट डॉक्टरों व सरकारी अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ दिखाई पड़ रही है। प्रतिदिन बच्चे, युवा व बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष बुखार की चपेट में आ रहे हैं। इसके बावजूद चिकित्सा विभाग पूरी तरह लापरवाह नजर आ रहा है। पीएचसी से ज्यादातर समय चिकित्सक गायब रहते हैं, जिसके चलते मीरापुर क्षेत्र में अचानक बुखार की चपेट में आने से एक सप्ताह में दूसरी मौत हुई है। कस्बे के मौहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी नुसरत का 12 वर्षीय पुत्र तल्हा मीरापुर के ही श्रीराम पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 का छात्र था। तल्हा को करीब एक माह पूर्व बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया था, जिसके बाद परिजनों ने उसे पहले मीरापुर एक चिकित्सक के यहाँ उपचार दिलाया, किन्तु यहाँ से आराम नहीं लगने पर परिजनों ने मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया, किन्तु यहाँ भी कई दिन भर्ती रहने के बाद जब बच्चे तल्हा को आराम नहीं लगा तो परिजनों ने दिल्ली एम्स में उसे भर्ती कराया, जहाँ उपचार के दौरान तल्हा की रविवार की सुबह मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि मीरापुर क्षेत्र में बुखार के चलते पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी मौत हुई है। करीब सात दिन पूर्व कुतुबपुर निवासी युवा उद्योगपति समाजसेवी सतेन्द्र गुर्जर की भी बुखार से मौत हो चुकी है।

## नुमाइश मैदान में छेड़खानी करते युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)।** सिविल लाइन थानाक्षेत्र के नुमाइश मैदान में चल रही नुमाइश में मौत का कुआं देखने के दौरान एक युवक ने महिला के साथ छेड़खानी कर दी। इसके चलते उसके स्वजन ने युवक की पिटाई कर दी। इसी बीच किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। पुलिस को इस सम्बंध में कोई तहरीर नहीं दी गई। नुमाइश मैदान में नुमाइश चल रही है। बताया गया है कि एक महिला अपने स्वजन के साथ मौत का कुआं देख रही थी। इसी बीच एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी कर दी। इसके चलते महिला के साथ आए स्वजन ने उक्त युवक की पिटाई कर दी। किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करा दिया। इसके बाद दोनों पक्ष वहां से चले गये। इस सम्बंध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। रविवार को पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो तीन दिन पुराना बताया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से बीस वर्षीय युवक की मौत

**खतौली, 20 नवम्बर (बु.)।** रंग पुताई करने के दौरान विद्युत करन्ट की चपेट में आकर 20 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार गांव बसाइच निवासी अक्षय पुत्र राजेन्द्र खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसौड़ा निवासी रामपाल के मकान में रंग पुताई का कार्य कर रहा था। बताया जाता है कि पुताई करने के दौरान पेन्टर अक्षय अचानक विद्युत तारों के करन्ट की चपेट में आ गया। अक्षय की चीख पुकार सुनकर घर के लोग सहित अन्य पड़ौसी तत्काल मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि हाई विद्युत करन्ट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसे 20 वर्षीय अक्षय की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की सूचना पर रोते बिलखते मृतक के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया।

## रोडवेज बस की टक्कर से वैन सवार महिला की मौत

**शामली, 20 नवम्बर (बु.)।** तेज रफ्तार रोडवेज गाड़ी के चालक द्वारा कार में टक्कर मार दिये जाने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक ढाई वर्षीय मासूम बच्ची सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें से दो की दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरियाणा के जनपद पानीपत क्षेत्र के सैनी कॉलोनी निवासी एक परिवार टैक्सी ईको कार में सवार होकर पानीपत से जनपद सहारनपुर क्षेत्र के ननौता स्थिति रिश्तेदारी में रस्म तेहरवीं भी में शामिल होने के लिए जा रहा था। बताया जाता है कि जब वे शामली के बलवा बाईपास के निकट पहुंचे, तो इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज की बस में टेक्सी ईको कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह पलटी खाकर बराबर स्थित खेत में जा गिरी। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन कार में सवार महिला मनीषा पत्नी विपुल राणा की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि विक्रम राणा, सविता, ममता, ढाई वर्षीय मिस्टी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसमें ममता विक्रम की हालत नाजुक होने के कारण हायर सैंटर के लिए रैफर किया गया। वहीं चालक सूरजभान ने बताया कि बस का चालक तेज स्पीड से आ रहा था और बाईपास पर अचानक कार में टक्कर मार दी। महिला की मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला की ढाई वर्षीय पुत्री मिस्टी भी घायल हुई है, जो मां की मौत से सदमें है।

## जहरीले पदार्थ से युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध हालतों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में लाया गया जहां से उसे रैफर कर दिया गया। बेगराजपुर मैडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव मखियाली निवासी 19 वर्षीय आकाश पुत्र ऋषिपाल शराब पीने का आदी था। गत् दिवस उसने शराब का सेवन करने के बाद संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे नाजुक हालत के चलते रैफर कर दिया । परिजन उसे उपचार हेतु बेगराजपुर मैडिकल कॉलेज ले गये, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## युवती का शव टुकड़े कर कुएं में फेंकने वाला दरिंदा दबोचा

**आजमगढ़, 20 नवंबर (वार्ता)।** जिले के गौरी का पुरा गांव स्थित कुएं से सिर कटी व कई टुकड़ों में मिली लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दरिंदगी करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल हुए आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतका के सिर की बरामदगी भी स्वीकार करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की कई टुकड़ों में काट कर नृशंस हत्या को अंजाम देने में मुख्य रूप से वह युवक शामिल है, जो बीते 9 नवंबर को अपनी बाइक पर बैठा कर ले गया था। प्रिंस यादव नामक इस युवक की बहन से मृतका की दोस्ती थी।

## पुलिस ने बदमाश दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)।** सिविल लाइन पुलिस ने लूट के इरादे से घूम रहे एक बदमाश को तमंचा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु गश्त पर थी। गश्त के दौरान पुलिस ने मदीना चौराहे पर एक संदिग्ध युवक को देखकर उसे टोका, तो वह मौके से भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी जामियानगर निवासी सादाब उर्फ मुल्लाजी पुत्र इरशाद है। पुलिस ने बताया कि आरोपी वहां लूट के इरादे से घूम रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# गुड़ की मिठास को विषैला बना रहे अखाद्य पदार्थ

▶ अकार्बनिक रसायनों के साथ अखाद्य पदार्थों की मिलावट से गुड़ की गुणवत्ता पर संकट

▶ सरकारी फाइलों में दबकर रह गया गुड़ की जांच को लैब स्थापित करने का प्रस्ताव

-राकेश शर्मा-

**मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)।** देशभर में गुड़ उत्पादन और व्यापार में अपनी पहचान रखने वाले मुजफ्फरनगर में अब गुड़ की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे है। पहले गुड़ में अकार्बनिक रसायनों की अंधाधुंध मिलावट होती थी, लेकिन अब अखाद्य पदार्थों की मिलावट एक समस्या बन गई है, जिससे न केवल गुड़ का स्वाद विषैला बन गया है, वरन मानव के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर चुनौती खड़ी हो गयी है। गुड़ की जांच को लैब स्थापित करने का प्रस्ताव सरकारी फाइलों में दम तोड़ गया।

एशिया प्रसिद्ध मुजफ्फरनगर की गुड़ मंडी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। एक समय था जिले का गुड़ देश के तमाम हिस्सों की पहली पसंद था, लेकिन गुड़ की गुणवत्ता में वक्त के साथ आई कमी के साथ देशभर से इसकी मांग घटती चली गई। जिले में 118 किस्म का गुड़ तैयार किया जाता रहा है। सामान्यतया गुड़ उत्पादन का सत्र 6 माह का होता है। मकर संक्रांति के बाद गुड़ की खपत घट जाती है और तब व्यापारी और उत्पादक इसका शीत गृहों में भंडारण करते हैं, मगर अब यह भंडारण भी घाटे का सौदा बन गया है। गुड़ में अपमिश्रण के चलते अब गुड़ शीतगृहों में ही पिघल जाता है और पिघले गुड़ को दोबारा भट्टियों पर लाया जाता है, जिससे उसकी लागत 300 रुपए बढ़ जाती है। इसी कारण एक समय देश भर के गुड़ व्यापारी अपनी जरूरतों का गुड़ भंडारण यहाँ के शीतगृहों में करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। एक और समस्या गुड़ उत्पादन में खड़ी हो गई है। पहले गुड़ उत्पादक ईंधन के रूप में गन्ने की बगास यानि खोई का प्रयोग करते थे, पर अब इस बगास की पेपर मिलों में मांग के चलते प्लास्टिक वेस्ट को ईंधन के लिए प्रयोग में लाना शुरू कर दिया है। गुड़ पकाने के कढाहे खुले होने के कारण इस प्लास्टिक वेस्ट के पार्टिकिल गन्ने के रस में हवा के साथ गिर जाते हैं और यह भी स्वास्थ्य को लेकर गंभीर समस्या बन रही है। उधर उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखने वाली संस्थाओं का कहना है कि गुड़ उत्पादनकर्ता को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अंतर्गत लाया जाए, जिससे गुड़ मानव उपभोग के लिए सुरक्षित किया जा सके। जो भी हो, जहाँ प्रदेश की योगी सरकार गुड़ को एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत मुजफ्फरनगर जनपद का पहला उत्पाद बनाते हुए इसके विकास और इसको रोजगार के नवसृजन से जोड़ते हुए युवाओं को इस कारोबार के प्रति प्रोत्साहित करने का काम कर रही है, वहीं गुड़ में अखाद्य पदार्थों की मिलावट इसके लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है। गुड़ की गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए जिले में दो लैब स्थापित करने भी प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। जो काफी समय से सरकारी फाइलों में धूल फांक रहा है, क्योंकि इस समय गुड़ की गुणवत्ता की परख के लिए कोई भी माध्यम यहां पर उपलब्ध नहीं है, इसलिए यहां तैयार होने वाले गुड़ की गुणवत्ता जानने के लिए सैम्पल लैब भेजने और वहां से उसकी रिपोर्ट आने में लंबा इंतजार करना पड़ता है। एक समय ऐसा था कि गुड़ उत्पादन के लिए जिले में हजारों कोल्हू स्थापित थे। एक तरह से कोल्हू कुटीर उद्योग के रूप में विकसित थे। ग्रामीण अंचलों के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ कोल्हु संचालकों के लिए गुड़ उत्पादन बड़े फायदे का सौदा हुआ करता था। पहले अपहरण उद्योग और बाद में प्रदूषण और बिजली विभाग की छापामारी के चलते काफी इकाईयां बंद हो गई हैं। हालांकि सीजन में अब भी कई हजार कोल्हू विभिन्न किस्म के गुड़ की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अत्यधिक लाभ कमाने की होड़ में गुड़ में पहले जैसा स्वाद अब नहीं रहा है। अखाद्य पदार्थों की मिलावट ने उसे विषैला जरूर बना दिया है।



## सड़क हादसों में दो की मौत, एक गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 20 नवम्बर (बु.)।** अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु चिकित्सालय में लाया जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे रैफर कर दिया गया।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के सेठपुरा निवासी अरविंद पुत्र रामभरत अपने साथी अनुज के साथ देर रात्रि बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था। लक्सर रोड पर लकड़ी की आढ़त के सामने तेज गति से आये अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे और अरविंद की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अनुज गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अनुज को उपचार के लिए चिकित्सालय में लाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे रैफर कर दिया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। एक अन्य हादसा मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर हुआ। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव मोघपुर निवासी 45 वर्षीय सुबोध शर्मा पुत्र नौबत शर्मा को मंसूरपुर डिस्ट्रिलरी के सामने अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु चिकित्सालय में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पुरकाजी, 20 नवम्बर (बु.)।** पुरकाजी-लक्सर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। क्षेत्र के गांव सेठपुरा निवासी अरविन्द शनिवार की देर रात्रि बाइक से कहीं जा रहा था। पुरकाजी लकसर मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अरविन्द की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## नाले में मिला जज के यहां से चोरी माल, पुलिस ने पकड़े दो आरोपी

**कैराना, 20 नवंबर (बु.)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के बंद आवास पर हुई चोरी प्रकरण में दो को हिरासत में लिया, जिनकी निशान देही पर शामली से लैपटॉप, एलईडी को पुलिस की टीम ने नाले से बरामद किया है। सूत्रों की माने तो पुलिस मुख्य आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे अभी कई और घटनाओं का खुलासा भी कर सकती है। बताया जाता है कि नगर के शामली रोड़ स्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार हुड्डा गत 13 तारीख पर ट्रेनिंग करने गए हुए थे। उनके पीछे बंद आवास पर अज्ञात चोरों ने गत 16 की रात्रि को आवास का ताला तोड़कर एलईडी, लैपटॉप आदि को चुरा लिया था। मामले में जब सुबह उनका अर्दली चंद्र प्रकाश गया, तो उसने ताले को टूटा देखा, घटनाक्रम की जानकारी पेशकार सहित पुलिस को भी दी थी। तभी से पुलिस और एसओजी की टीम मामले में लगी रही। सूत्रों की माने तो टीम ने कमरों की फुटेज खंगाल कर आखिर कार आरोपी के गिरेबां तक पहुंच ही गई। टीम ने फुटेज के आधार और बाईक को ट्रेस कर घटना का खुलासा कर दिया और शामली निवासी एक मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद टीम ने कैराना निवासी को भी हिरासत में ले लिया। इसके बाद कड़ाई से पूछताछ कर टीम शामली के माजरा रोड़ पर गई और नाले में सफाई कर्मियों से सफाई कराकर नाले से चुराई गई एलईडी लैपटॉप को बरामद कर लिया। सूत्रों की माने तो चोरों ने लैपटॉप ,एलईडी को तोड़कर नाले में डालना बताया जा रहा है। सूत्र यह भी बता रहे है कि चोरों ने अखबार में पढ़ी खबर और शोर गुल सुनकर चुरायें गए लैपटॉप एलईडी को इसलिए ही तोड़ा है। हालांकि उक्त प्रकरण में अभी अपर जिला पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, सीओ अमरदीप मौर्य, कोतवाल पंकज कुमार त्यागी हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ कर और भी अन्य घटनाओं में शामिल होने के सम्बन्ध को लेकर खुलासा कर सकते है। अब देखना होगा कि पुलिस की थियोरी घटनाक्रम में क्या खुलासा करती है।

## शाहपुर में चेयरमैनी के चुनाव में 10288 मुस्लिम, 8494 हिंदू मतदाता करेंगे वोटिंग

▶ इस बार कुल मतदाताओं का आंकड़ा बढ़कर 18782 पहुंचा ▶ पांच वर्षों में 2453 नए मतदाता बढ़े ▶ कस्बे में कुल 9 मतदान केंद्र एवं 22 बूथ बनाए गए

**(सचिन संगल)**

**शाहपुर, 20 नवम्बर (बु.)।** मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही नगर निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। शाहपुर में इस बार कुल 18782 मतदाता चेयरमैन सहित 13 सभासदों का चुनाव करेंगे। 5 वर्षों की तुलना में इस बार मतदाताओं की संख्या में 2453 का इजाफा हुआ है। कुल 18782 मतदाताओं में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 10288 है, जबकि 8494 हिंदू मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। नगर में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या हिंदू मतदाताओं से 1794 अधिक हो गई है। मतदान हेतु शाहपुर में कुल 9 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 22 बूथों यानी मतदान स्थलों पर वोट डाले जाएंगे।

दिसंबर माह में प्रस्तावित स्थानीय निकाय के चुनाव हेतु बिगुल पूरी तरह बज चुका है, हालांकि अभी चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है, जबकि अध्यक्ष पद समेत वोटों का आरक्षण भी तय होना बाकी है। बावजूद इसके संभावित दावेदारों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। अभी तक व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं की नब्ज टटोल रहे उम्मीदवार अब जुलूस के रूप में नगर के गली मौहल्लों में देर रात्रि तक अपने पक्ष में माहौल बनाते देखे जा सकते हैं। प्रशासन ने गत् दिवस मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शासन के दिशा निर्देश अनुसार कर दिया है, जिसको लेकर चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति से लेकर आम मतदाताओं में भी जिज्ञासा का माहौल था। बुलेटिन ने नगर के मतदाताओं का पूरा आंकड़ा जिताया है, जिसके अनुसार इस बार चुनाव में कुल 18782 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। यहां कस्बे में सबसे ज्यादा उत्सुकता इस बात की गई है कि हिंदू एवं मुस्लिम मतदाताओं के बीच वोटों का अंतर कितना है, हालांकि शाहपुर में हमेशा से दोनों समुदाय के लोग जाति धर्म से ऊपर उठकर एक दूसरे प्रत्याशियों को वोट देते रहे हैं। बावजूद इसके राजनीतिक पंडित धर्म के चश्मे से ही वोटों के इस अंकगणित को लोगों को समझाते हैं। हमारा उद्देश्य मतदाताओं को धर्म के आधार पर बांटना नहीं है, लेकिन पाठकों की जिज्ञासा के अनुरूप हमने मतदाता सूची का अवलोकन किया तो उसके अनुसार पाया की नगर में कुल 10288 मुस्लिम मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जबकि 8494 हिंदू वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। यह बहस भी शाहपुर कस्बे में लंबे अरसे से रही है कि हिंदू मुस्लिम वोटों के बीच कितना अंतर है। कभी कोई 500 वोट बताता है, कभी 1000 वोट बताता है। कभी 1500 लेकिन अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जो आंकड़ा निकलकर आया है, उसके अनुसार शाहपुर नगर में हिंदू मतदाताओं की अपेक्षा मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 1794 अधिक है। 5 वर्ष पूर्व यह आंकड़ा कम था, वहीं दूसरी ओर पिछले चुनाव में नगर में कुल 16329 मतदाता थे। 5 वर्षों में कुल मतदाताओं की संख्या में भी 2453 वोटों का इजाफा हो गया है। शाहपुर की वोटों के अंकगणित को समझने वाले बुलेटिन की इस खबर के बाद चुनावी समीकरण एवं चुनावी ऊंट किस करवट बैठ सकता है। इसके गुणा भाग में जरूर जुट जाएंगे। उधर बताते चले कि शाहपुर में कुल 9 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 22 मतदान स्थल हैं। मतदान केंद्रों में हरिजन चौपाल, आदर्श प्राथमिक विद्यालय ,शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 व 2, दिगंबर जैन स्कूल, इस्लामिया मदरसा, कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। शाहपुर के प्रत्येक वार्ड के मतदाताओं की नवीनतम संख्या इस प्रकार है-

| मतदाताओं की संख्या का विवरण :- | |
|---|---|
| वार्ड नं-1 | 983 |
| वार्ड नं-2 | 1580 |
| वार्ड नं-3 | 1720 |
| वार्ड नं-4 | 3082 |
| वार्ड नं-5 | 1145 |
| वार्ड नं-6 | 977 |
| वार्ड नं-7 | 1082 |
| वार्ड नं-8 | 1526 |
| वार्ड नं-9 | 1737 |
| वार्ड नं-10 | 791 |
| वार्ड नं-11 | 1638 |
| वार्ड नं-12 | 1270 |
| वार्ड नं-13 | 1251 |
| **कुल मतदाता** | **18782** |